Since 1995

JABALPUR PUBLIC COLLEGE

Affiliated to R.D.V.V. Jabalpur

RUN BY SHIV NARAYAN FOUNDATION

Shape your career with us

Facilities & Highlights

- Conference Hall
- Well Equipped Lab
- Library
- Wi-Fi Campus
- Canteen
- Career Guidance
- Sports & Games
- Campus Selection

- D.El.Ed.
- B.Ed.
- M.Ed.
- B.A. B.Ed.
- D.C.A.
- P.G.D.C.A.
- Proposed B.Ed. M.Ed.

For More Information Contact

49, Karmeta, Patan Road, Ahead of Radio Station
Near MPSRTC Depot, Jabalpur (M.P.)
Ph. : 0761-2688838/9425154213/9826826822/9713561012
E-mail : erj.jpc@gmail.com
Website : jpc.org.in

VOLUME-3 ISSUE-1 EMERGING RESEARCH JOURNAL June-2018

VOLUME - 3
ISSUE - 1
June - 2018

ISSN No. : 2456-2424

EMERGING RESEARCH JOURNAL

MULTIDISCIPLINARY INTERNATIONAL REFERRED JOURNAL

JABALPUR PUBLIC COLLEGE
RUN BY SHIV NARAYAN FOUNDATION
49, KARMETA, PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)
E-mail : erj.jpc@gmail.com
Website : www.erjjpc.org.in, www.jpc.org.in

JABALPUR PUBLIC COLLEGE
NAAC Accrediated Grade 'B'
49 Karmeta, Patan Road,
Jabalpur (M.P) 482002

ISSN No. :2456-2424
Emerging Research Journal
Issue - 1
Vol - 1
July 2016
JABALPUR PUBLIC COLLEGE, JABALPUR (M.P.)
49, KARMETA , PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)
Email : jabalpurpublicollegejbp@gmail.com
Website : jpc.org.in
VOLUME-1
ISSUE-2
DECEMBER-2016
ISSN No.:- 2456-2424
EMERGING
RESEARCH JOURNAL
MULTIDISCIPLINARY INTERNATIONAL REFERRED JOURNAL
JABALPUR PUBLIC COLLEGE
RUN BY SHIV NARAYAN FOUNDATION
49, KARMETA, PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)
E mail : jabalpurpublicollegejbp@gmail.com
Website : jpc.org.in
VOLUME-2
ISSUE-1
June-2017
ISSN No. : 2456-2424
EMERGING
RESEARCH JOURNAL
MULTIDISCIPLINARY INTERNATIONAL REFERRED JOURNAL
JABALPUR PUBLIC COLLEGE
RUN BY SHIV NARAYAN FOUNDATION
49, KARMETA PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)
E-mail : jabalpurpubliccollegejbp@gmail.com
Website : jpc.org.in
VOLUME-2
ISSUE-2
December-2017
ISSN No. : 2456-2424
EMERGING
RESEARCH JOURNAL
MULTIDISCIPLINARY INTERNATIONAL REFERRED JOURNAL
JABALPUR PUBLIC COLLEGE
RUN BY SHIV NARAYAN FOUNDATION
49, KARMETA PATAN ROAD, JABALPUR (M.P.)
E-mail : erj.jpc@gmail.com
Website : jpc.org.in

ISSN No. : 2456-2424

Emerging Research Journal

Vol. - 3 | Issue - 1 | June 2018

A Multi-Disciplinary International Research Journal

Emerging Research Journal is a high quality Journal devoted to the field of science, social science, education, commerce & Management. "Emerging research Journal" is an official Publication of the national society of Shiv Narayan Foundation. The Journal publisher original records, review articles, short communications, scientific survey, etc. Emerging Research Journal provides a forum for all above discipliner for development and research techniques and produces of laboratory investigations. It aims to Provide a highly readable and valuable addition to the literature which will serve as an indispensable reference for years to come. The Journal's core aims therefore, is to provide a platform for the researchers, scholars and research findings with the rest of the world there by facilitating informed decision which will improve society as a whole.

Council for Teacher Education

(Reg. No. MP Societies Registration Act 508/91)

Dr. K.M. Bhandarkar, National President

Mo.9823297750

email Id:- kmbhandar@gmail.com

website :- cteinternational.org

I am extremely happy to acknowledge that Jabalpur Public College run by Shiv Narayan Foundation Jabalpur is publishing a Multidisciplinary International Journal titled EMERGING RESEARCH JOURNAL bearing ISSN-2456-2424.

In fact, some months back I had gone through the contents of the Journal, I was very much impressed with the quality of the published research papers. Printing and other physical aspects were also up to the mark.

From the last 11 years I am working as a Chief Editor of the CTE National Journal and I therefore, know the problems and difficulties in running a Journal on continuing basis.

In today's scenario only research can help us to achieve the goal of excellence in education. The Chief Editor, Members of Editorial Board and Office Bearers of the Parent Society are doing a great job of promoting research.

On behalf of the council for Teacher Education, I congratulate you all for this academic endeavour and also extend my best wishes to the readers and researchers associated with this esteemed Journal.

With Greetings,

Nagpur

Date : 14-06-2018

(Dr. K.M. Bhandarkar)

PATRONS

Shri Praveen Verma
Director, Jabalpur Public College
Jabalpur, (M.P.)

Dr. Kapil Dev Mishra
Vice Chancellor, RDVV
Jabalpur (M.P.)

Dr. Balbir Singh
USA
bsingh1932@msn.com

Father G.V. Vazhan Arasu
Principal, St. Aloysius College,
Jabalpur (M.P.)

Shri Bhupendra Nigam
Counsellor, Govt. College of
Educational Psychology, Jabalpur (M.P.)
9425161398

Prof. S.K. Mehta
03, Shivani Complex, Gupteshwar
Road, Madan Mahal, Jabalpur (M.P.)
0761-2420596

EDITOR IN CHIEF

Dr. G.S. Mishra

EDITOR

Dr. Nivedita Paul

MANAGING EDITORS

Dr. Chitranshi Verma **Dr. P.L. Mishra** **Dr. Shweta Pandey**
Smt. Meenakshi Shrivastava **Smt. Priyanka Tamrakar**

ADVISORY BOARD

Dr. K.M. Bhandarkar, Gondia (M.H.)
Dr. Nilima Bhagwati, Assam
Dr. V.K. Gupta, Kurukshetra, (Haryana)
Dr. K.K. Sharma, Kurukshetra, (Haryana)
Dr. V.M. Shashi Kumar,
Thiruvananthapuram, Kerala
Dr. Alka Nayak, Ex. Vice Chancellor
RDVV, Jabalpur (M.P.)
Prof. B.K. Sahoo, Dean Faculty of Education,
RDVV, Jabalpur (M.P.)
Dr. Susamma Johnson,
Jabalpur (M.P.)
Dr. Damodar Jain, Bhopal (M.P.)
Dr. P. Pal Devnasan, Tamilnadu
Dr. Sunil Pahwa, Jabalpur (M.P.)
Dr. S.D. Singh, Mathura (U.P.)
Dr. Prem Khatri, Nepal
Dr. Ashutosh Dubey, Jabalpur (M.P.)
Dr. Arun Shukla, Jabalpur (M.P.)
Dr. Bhawana Soneji, Jabalpur (M.P.)
Dr. Raina Tiwari, Jabalpur (M.P.)
Dr. Rashmi Singh, Jabalpur (M.P.)

DISCLAIMER

The authors are solely responsible for the contents of the papers compiled in this volume. The publishers, Editors in Chief and the members of the Editorial Board do not take any responsibility for the same in any manner. Errors, if any, are purely unintentional & readers are requested to communicate such errors to the editors or publishers to avoid discrepancies in future.

अनुक्रमणिका

क्र. पेज नं.

शिक्षा / Education

1. **भारती मिश्रा / डॉ. (श्रीमती) के.के दुबे** 1-6
विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं के संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर प्रभाव

2. **डॉ. रीना जैन / राजभान हल्दकार** 7-10
कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों में परिमेय संख्या की समझ विकसित करना

3. **श्रीमती पूनम मिश्रा** 11-14
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का उनके संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव

4. **प्रतिभा मिश्रा** 15-19
स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का तुलनात्मक अध्ययन

5. **डॉ. अम्बु नाथ मिश्रा** 20-25
अध्यापक शिक्षा की समस्याएं एवं सुधार

6. **कुमारी कविता दवे / डॉ. जी. एस. मिश्रा** 26-31
विभिन्न प्रबंधन के विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतुष्टि, जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास आत्म प्रत्यय पर प्रभाव का अध्ययन

7. **श्री ए.एन. माथुर / प्रमोद कुमार नामदेव** 32-37
हाई स्कूल के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन

8. **श्रीमती सुषमा पिल्ले / डॉ. पी.एल. मिश्रा** 38–42
उच्च माध्यमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यवस्तु में समाहित मानवीय मूल्यों के प्रति शिक्षकों की जागरूकता का विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि पर प्रभाव का अध्ययन

9. **Thomas Chandy / Dr. Urmila Verma** 43-47
A Study of the Effect of Emotional Intelligence on Academic Achievement of Senior Secondary School Students

10. **Dr. Nimmi Maria Oommen** 48-51
Institutional Planning : Valuable Insights

11. **Dr. Preeti S.Pendharkar** 52-58
Occupational Stress Among Teachers And Their Adjustment

12. **Dr. Gayatree Goswamee** 59-61
Women Empowerment Through Education

13. **Ms. Dzüvimeno Iralu Yaden / Dr. Bendangyapangla** 62-68
Problems Affecting Learning of Chemistry Among Secondary School Students

14. **Dr. Urmila Yadav** 69-74
Gender Equality & Women Empowerment

15. **Dr. Nivedita Paul** 75-78
Brain Based Learning in Teacher Education

ललित कला / Fine Art

16. **श्रीमति कीर्ति मिश्रा** 79–83
भारत में चित्रकला का इतिहास

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 1 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं के संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर प्रभाव

भारती मिश्रा *
डॉ. (श्रीमती) के.के दुबे **

शोध सार

प्रस्तुत शोध अध्ययन के प्रमुख उद्देश्य हैं - विभिन्न शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों के संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर प्रभाव का अध्ययन। शासकीय, अशासकीय एवं विश्व विद्यालय शिक्षण विभाग में अध्ययनरत 720 छात्राध्यापकों को प्रस्तुत अध्ययन के न्यादर्श के लिए चुना गया है। शिक्षण अभिक्षमता परीक्षण माला- डॉ. आर. पी. सिंह एवं डॉ. आर. एस. शर्मा का प्रयोग किया गया है। निष्कर्ष के रूप में महिला एवं पुरुष प्रशिक्षणार्थियों के सम्मिलित समूह की शैक्षणिक अभिक्षमता पर विभिन्न संगठनात्मक परिवेश का कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता होती हैं एवं अशासकीय शिक्षण संस्थाओं के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता नहीं होती है।

की वर्ड्स- *संगठनात्मक परिवेश, शैक्षणिक अभिक्षमता एवं बी. एड. प्रशिक्षणार्थी।*

यह सर्वमान्य है कि शिक्षक राष्ट्र के कर्णधार होते हैं एवं वे राष्ट्र के भाग्य के निर्माता होते हैं। यह इसलिए कहा गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी जब वह बालक या बालिका होता है तो उसमें प्रतिभाएँ एवं गुण अंतर्निहित होते हैं। शिक्षक अपने शिक्षण कार्य के माध्यम से विद्यार्थियों के इन अंतर्निहित क्षमताओं, योग्यताओं आदि को प्रस्फुटित कर विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं एवं अपना पूर्ण योगदान देते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि शिक्षा पद्धति उसी समय अच्छी हो सकती है जब शिक्षक कुशल होगा। कुशल शिक्षक ही शिक्षा के प्रति अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह करते हैं एवं उनकी शिक्षण अभिक्षमता उनमें सकारात्मक गुणों का विकास करती है। अच्छे शिक्षक होने के लिए, जिसमें शिक्षणकार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति हो, यह आवश्यक हो जाता है कि वे कुशल अध्यापकों से प्रशिक्षण प्राप्त करें एवं अर्जित ज्ञान का अपने शिक्षण कार्य में उपयोग लाएं। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण संस्थाएँ उपलब्ध हैं। ये शासकीय, अशासकीय अथवा स्वशासी हो सकती हैं। बी.एड. का प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थी को शासकीय एवं अशासकीय प्रशिक्षण महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के शिक्षण विभाग में प्राप्त होता है, उनका संगठनात्मक परिवेश भिन्न होता है।

सहायक संगठनात्मक परिवेश एक ऐसा मानव पर्यावरण चक्र है जो एक संगठन में कर्मचारियों के कार्य हेतु बनाया जाता है। किसी भी संगठन के परिवेश का प्रभाव सभी लोगों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, दोनों ही रूपों में पड़ता है। किसी संगठन के परिवेश का प्रभाव उसकी स्वयं की उन्नति एवं वहाँ कार्य करने वाले कर्मचारियों के विकास एवं उन्नति पर भी पड़ता है, जैसे यदि किसी संस्था का वातावरण खुला है, वहाँ सभी कर्मचारियों को अपनी योग्यता बढ़ाने एवं छात्रों को अपनी प्रभावी विधियों से पढ़ाने की स्वतंत्रता होती है तो वहाँ शिक्षक पूर्ण लगन के साथ मन लगाकर अपना कार्य करता है, तो उनकी भी

*** सहायक प्राध्यापक महार्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, लमती, जबलपुर (म.प्र.)**
**** सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)**

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 2 .....

उन्नति होती है और संस्था की भी गुणवत्ता बढ़ती है।

संगठनात्मक परिवेश को विभिन्न विद्धानों ने अलग-अलग तरह से परिभाषित किया है जिसका मूल संगठन के प्रबंधन की प्रकृति से है। सामान्य रूप से शासकीय, अशासकीय एवं स्वशासी प्रबंधन के तरीके होते हैं जो विभिन्न संगठनात्मक परिवेशों को इंगित करते हैं। संगठन के परिवेश के विभिन्न पक्षों के बारे में व्यक्ति जो प्रत्यक्षीकरण करता है वह संगठनात्मक परिवेश के रूप में जाना जाता है। अलग-अलग प्रबंधन में यह प्रत्यक्षीकरण अलग-अलग तरह का होता है।

विभिन्न संगठनात्मक परिवेशों का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता संबंधी जो प्रमुख कार्य हुए है उनमें जेना, डॉ. प्रकाश चंद्र (2012) ने पाया कि हरिजन माध्यमिक विद्यालयों की शिक्षकों के शिक्षण अभिक्षमता, शिक्षण दक्षता एवं संगठनात्मक वातावरण के संदर्भ में लिंग भिन्नताएँ होती हैं एवं पढ़ाये जाने वाले विषय का इस पर प्रभाव पड़ता है। साथ ही उन्होंने यह भी पाया कि शिक्षण अभिक्षमता एवं शिक्षण दक्षता, शिक्षण अभिक्षमता एवं संगठनात्मक परिवेश तथा शिक्षण दक्षता तथा संगठनात्मक परिवेश के मध्य सार्थक सहसंबंध होता है। इससे स्पष्ट होता है शिक्षण अभिक्षमता एवं शिक्षण दक्षता के साथ संबंध होता है। वर्तमान समय विज्ञान एवं तकनीकी का युग कहा जाता हे जिसमें अत्याधिक प्रतिस्पर्धा है एवं शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें शिक्षा का एक ऐसा उद्देश्य होना चाहिए जो अधिगम समाज के साथ-साथ वैश्विक समाज के निर्माण में सहायक हो। यह सब कुछ विद्यार्थियों को शिक्षा देने वाले शिक्षकों पर निर्भर करता है। अत: विभिन्न परिवेश के शिक्षकों की शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन करना अत्यंत सामयिक प्रतीत होता है जिससे विभिन्न परिवेश के शिक्षकों की शैक्षणिक अभिक्षमता का तुलनात्मक अध्ययन कर शिक्षा के अधिकत संभाव्य विकास हेतु कार्य किया जा सके।

यह महत्वपूर्ण है कि यदि हमें भविष्य में ऐसे विद्यार्थी चाहिये जो राष्ट्र के विकास में अच्छे नागरिक बनकर योगदान दे सकें तो यह आवश्यक हो जाता है कि सभी प्रशिक्षण संस्थाओं में अच्छे संगठनात्मक परिवेश की सकारात्मक विशेषताओं को समाहित किया जाये, जिससे ऐसे प्रशिक्षणार्थी मिल सकें जिनकी शिक्षण कार्य के प्रति सकारात्मक अभिवृत्ति हो और वे विद्यार्थियों के विकास में अपना अधिकतम संभाव्य योगदान दे सकें। यह उच्च शैक्षिक अभिक्षमता के माध्यम से संभव हो सकती है।

अत: प्रस्तुत शोधकार्य में यह देखने का प्रयास किया गया है कि क्या संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर कोई प्रभाव पड़ता है? और यदि ऐसे निष्कर्ष आते है कि शैक्षणिक अभिक्षमता संगठनात्मक परिवेश से प्रभावित होती है तो तदनुसार शिक्षाविदों, शैक्षिक प्रशासकों, आदि को सुझाव दिये जा सकें।

उद्देश्य :-

1. प्रशिक्षण संस्थाओं के संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर प्रभाव का अध्ययन।
2. शासकीय / अशासकीय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता का अध्ययन।

परिकल्पना :-

1. प्रशिक्षण संस्थाओं के संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 3 .....

2. शासकीय / अशासकीय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में सार्थक लिंग भिन्नता नहीं होती है।

न्यादर्श :-

कुल 720 छात्राध्यापक / छात्राध्यापिकाओं को न्यादर्श के रूप में निम्नानुसार चयनित किया गया है।

न्यादर्श तालिका

प्रशिक्षणार्थी

परिवेश	पुरुष	महिला	योग
शासकीय	15	35	50
अशासकीय	135	325	460
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग	60	150	210
योग	**210**	**510**	**720**

चर :-

स्वतंत्र चर - संगठनात्मक परिवेश

परतंत्र चर - शैक्षणिक अभिक्षमता

नियंत्रित चर - बी. एड. प्रशिक्षणार्थी

उपकरण :-

शिक्षण अभिक्षमता परीक्षण बैटरी - डॉ. आर.पी. सिंह एवं डॉ. एस.एस.शर्मा

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या :-

इन्हें निम्नांकित सारणियों में प्रस्तुत किया गया है:-

तालिका क्रमांक-01

विभिन्न संगठनात्मक परिवेश के महिला एवं पुरुषों के सम्मिलित समूह (संयुक्त रूप से) प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता संबंधित तुलनात्मक परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन
शासकीय	50	148.68	11.90
अशासकीय	460	154.33	78.92
विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग	210	163.21	15.11

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 4 .....

प्रसरण विश्लेषण की सारांश तालिका

विचरण के स्त्रोत	स्वतंत्रता के अंश	वर्गों का योग	वर्गों का मध्यमान	एफ अनुपात	'पी' मान
समूह के मध्य	2	14667.22	7333.61	1.80	>0.05
समूह के बीच	717	2913178.10	4.63.01		

स्वतंत्रता के अंश -2,717

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान -3.00

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान -4.62

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट होता है कि विभिन्न संगठनात्मक परिवेश के महिला एवं पुरुष प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में सार्थक अंतर नहीं है। प्राप्त 'एफ' अनुपात का मान 1.80 आया है जो 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है। उपरोक्त परिणाम से निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि महिला एवं पुरुषों के सम्मिलित समूह के प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर विभिन्न संगठनात्मक परिवेश का कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

अत: उपरोक्त परिणाम के परिपेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना स्वीकृत होती है।

तालिका क्रमांक-02

शासकीय / अशासकीय / विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता संबंधी तुलनात्मक परिणाम

संगठनात्मक परिवेश	लिंग	N	M	S.D.	t / C.R.	'P' Value
शासकीय	पुरुष	15	156.53	10.86	3.35	< 1.01
	महिला	35	145.31	10.79		
अशासकीय	पुरुष	135	150.10	11.47	1.14	> 0.05
	महिला	325	156.10	93.58		
विश्वविद्यालय शिक्षा विभाग	पुरुष	60	170.83	7.42	6.54	< 0.01
	महिला	150	160.16	16.30		

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट हो जाता है कि शासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता होती हैं। प्राप्त टी मान / क्रांतिक अनुपात का मान क्रमश: 3.35 एवं 6.54 हैं जो 0.01 पर सार्थक है। शासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता, महिला प्रशिक्षणार्थियों से अधिक है। अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता नहीं हैं। प्राप्त क्रांतिक अनुपात का मान 1.14 है जो 0.05 स्तर पर सार्थक नहीं है।

अत: पूर्व में ली गई परिकल्पना आंशिक रूप से स्वीकृत होती है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 5 .....

परिणामों की व्याख्या –

विभिन्न संगठनात्मक परिवेश अर्थात् शासकीय, अशासकीय एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों के प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में सार्थक अंतर नहीं है। इन सभी संस्थाओं में प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण के लिए चयन पूर्व परीक्षा के आधार पर होता है एवं केवल उन्हीं का प्रशिक्षण के लिए चयन होता है जिनमें औसत से अधिक शैक्षणिक अभिक्षमता होती है। संगठनात्मक परिवेशों के भिन्न होने के उपरांत भी सभी तीनों जगह के शिक्षक प्रशिक्षण यह अपना उत्तरदायित्व समझते हैं कि भविष्य में उन्हें ऐसे शिक्षक चाहिए जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हों। तात्पर्य यह है कि तीनों प्रकार की शिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षणार्थियों को अपनी वर्तमान अभिक्षमता का विकास करने का पूरा अवसर मिलता है, संभवत: इसलिए वे शिक्षण अभिक्षमता के संदर्भ में एक से हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि शासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता, महिला प्रशिक्षणार्थियों की तुलना में अधिक है जबकि अशासकीय संस्था में अध्ययनरत् पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में सार्थक अंतर नहीं है। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं शासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं की तुलना में अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं के अकादमिक एवं संगठनात्मक परिवेश में भिन्नता होती है। अशासकीय संस्थान नियमों के पालन में कठोर तो होते हैं पर उनमें यदा-कदा शिथिलता भी कर देते हैं भारतीय परिवेश में पूर्व में जो पुरुष प्रधानता थी इसमें पुरुषों का दायित्व परिवार के भरण-पोषण की व्यवस्था करना था। ऐसी स्थिति में पुरुष प्रशिक्षणार्थी अपने भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करते है जिससे वे एक कुशल शिक्षक होकर अपनी शैक्षणिक अभिक्षमता का अधिकतम लाभ अपने विद्यार्थियों को दे सकें।

अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं के प्रशिक्षण कार्य की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता ना होने संबंधी परिकल्पनाओं से स्पष्ट होता है कि लगभग सभी प्रशिक्षणार्थियों के पास पूर्व शिक्षण का अनुभव नहीं होता है एवं प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से चयन के कारण भी इनकी शैक्षणिक अभिक्षमता में अंतर नहीं होता। इस तरह स्पष्ट हो जाता है कि जहाँ एक ओर संगठनात्मक परिवेश का प्रशिक्षार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है वहीं दूसरी ओर अलग-अलग संगठनात्मक परिवेश की शिक्षण संस्थाओं में आंशिक लिंग भिन्नता है। इस संदर्भ में जेना, डॉ. प्रकाश चन्द्र (2012) का शोध महत्वपूर्ण है जिसमें उन्होंने पाया कि हरिजन माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की शिक्षण अभिक्षमता में संगठनात्मक वातावरण के फलस्वरूप लिंग भिन्नता होती है उन्होंने शिक्षण अभिक्षमता एवं शिक्षण दक्षता के मध्य संबंध भी पाया। प्रस्तुत शोध परिणाम इन परिणामों के आंशिक रूप से समान हैं।

निष्कर्ष –

1. विभिन्न संगठनात्मक परिवेश के महिला एवं पुरुषों के सम्मिलित समूह के प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता पर विभिन्न संगठनात्मक परिवेश का कोई सार्थक प्रभाव नहीं होता है।

2. शासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं एवं विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता होती है। पुरुषों की शैक्षिक अभिक्षमता महिला प्रशिक्षार्थियों से अधिक है।

3. अशासकीय प्रशिक्षण संस्थाओं के पुरुष एवं महिला प्रशिक्षणार्थियों की शैक्षणिक अभिक्षमता में लिंग भिन्नता नहीं होती हैं।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 6 .....

संदर्भ ग्रंथ :-

1. अस्थाना, विपिन (2005) मनोविज्ञान एवं शिक्षा में मापन एवं मूल्यांकन, आगरा विनोद पुस्तक मंदिर, 14 वां संस्करण।
2. कपिल, एच.के., सिंह, ममता (2012) सांख्यिकीय के मूल तत्व, आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन।
3. शर्मा, आर.ए. (2014) शिक्षा अनुसंधान, मेरठ, आर लाल बुक डिपो।
4. गुप्ता, आर (2014) शिक्षण अभिरूचि एवं शिक्षण अभिवृत्ति, नई दिल्ली, रमेश पब्लिशिंग हाऊस।
5. मिश्रा, विकास (2006) अध्यापकों तथा अध्यापिकाओं की अध्यापन कुशलता का तुलनात्मक अध्ययन (सी.एस.जे.एन.) विश्वविद्यालय, कानपुर।
6. International Journal of Educational and Psychological Research (IJETR) ISSN- 2279-0179, PP. 9-29.
7. www.eric.ed.gov.
8. www.Google.co.in
9. www.enwikipedia.org/wiki

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 7 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों में परिमेय संख्या की समझ विकसित करना

डॉ. रीना जैन *
राजभान हल्दकार **

शोध सार

प्रस्तुत शोध कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों में परिमेय संख्या की समझ विकसित करना है। विषय में उद्देश्य के रूप में गणित विषय में परिमेय संख्या की अवधारणा (समझ) विकसित करना लिया गया है। न्यादर्श के रूप में शा.उ.मा.वि. कुआं, विकासखण्ड-बहोरीबंद, जिला-कटनी के कक्षा नवमीं के 55 विद्यार्थियों का चयन किया गया। उपकरण के रूप में स्वनिर्मित परीक्षण का उपयोग किया गया। सांख्यिकी के अंतर्गत प्रतिशत सांख्यिकी को लिया गया तथा निष्कर्ष रूप में पाया कि गतिविधि आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में उपलब्धि स्तर में 81.6% की वृद्धि हुई तथा संख्या की पहचान धनात्मक व ऋणात्मक संख्या, भिन्न व परिमेय संख्या की अवधारणा (समझ) 100% विकसित हुई।

प्रमुख शब्द *- परिमेय संख्या, समझ का विकास।*

विद्यार्थियों के जीवन में गणित के महत्व से सभी परिचित हैं। विद्यार्थियों में निरीक्षण-परीक्षण चिंतन और अन्वेषण करने की प्रवृत्ति और क्षमता एक दूसरे से कितनी भी भिन्न क्यों न हो उन्हें अपने विचारों को दूसरों के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कई बार गणित की आवश्यकता पड़ती ही है। बहुत पहले शिक्षा को आत्म ज्ञान एवं आत्म प्रकाश के साधन के रूप में जाना जाता था। आवश्यकतानुसार शिक्षा का अर्थ एवं स्वरूप बदलता गया। मानव को सभी क्षेत्रों में दक्ष बनाने हेतु आयु के विभिन्न स्तरों पर गणित, विज्ञान, भाषा, समाजशास्त्र, दर्शन शास्त्र, मनोविज्ञान आदि विषयों का अध्ययन कराया जाता है। वास्तव में गणित की सहायता के बिना प्रकृति के व्यवहार की व्याख्या संभव ही नहीं है। गणित, विज्ञान और तकनीकी का आधार अथवा मेरूदंड है। दैनिक जीवन में प्रतिदिन सैकड़ों बार कई वस्तुओं का समान बंटवारा करते हैं। जोड़ते, घटाते, गुणा व भाग करते हैं, जो कि भिन्न एवं परिमेय की अवधारणा को स्पष्ट करते हैं। वास्तव में सही तथ्य यह है कि सभी भिन्न तो परिमेय संख्या होती हैं परन्तु सभी परिमेय संख्या भिन्न हों, यह आवश्यक नहीं होता है। भिन्न हमेशा धनात्मक होती है जबकि परिमेय संख्या धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों होती हैं। बहुधा देखने में आता है कि छात्र वह परिमेय संख्या जिनका हर समान होता है, जोड़ एवं घटाना कर लेते हैं लेकिन जब हर अलग-अलग संख्या होती हैं तो जोड़ और घटाना नहीं कर पाते हैं।

इसके पीछे यही कारण समझ में आया है कि या तो छात्रों का ध्यान विषय वस्तु की ओर केन्द्रित नहीं हो पाता अथवा शिक्षकों द्वारा सहज एवं सरल शिक्षण से समझाया नहीं जाता है। परन्तु अगर गतिविधि आधारित शिक्षण में गणित विषय की अवधारणाओं को स्पष्ट किया जाए तो विद्यार्थियों में गणित विषय के प्रति रूचि, गुणात्मक सुधार, गृहकार्य के प्रति लगन में वृद्धि तथा शैक्षिक उपलब्धि में वृद्धि पाई जाती है। (पटेल, मंगलदीन 2015, एवं शर्मा, संतोष 2017)। राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद् का यह लक्ष्य है कि गणित की जटिल से जटिल समस्याओं का निदान सहज और सरल तरीके से करके

***व्याख्याता, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)**
****एम.एड. प्रशिक्षणार्थी, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)**

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 8 .....

छात्रों को बताया जाए। परिमेय संख्याओं की जानकारी यदि प्रत्येक छात्र को हो जाए तो आगे की कक्षाओं में गणित विषय के अध्ययन में कठिनाई नहीं होगी एवं छात्रों में गणित विषय के प्रति रूचि और अधिक हो जायेगी।

उद्देश्य –

- गणित विषय में परिमेय संख्या की अवधारणा (समझ) को विकसित करना।

परिकल्पना –

- गतिविधि आधारित शिक्षण से गणित विषय में परिमेय संख्या की अवधारणा (समझ) विकसित किया जा सकता है।

न्यादर्श –

शा.उ.मा.वि. कुआं, विकासखंड बहोरीबंद, जिला–कटनी के कक्षा नवमीं में अध्ययनरत् 55 विद्यार्थियों को न्यादर्श के रूप में चयन किया गया है।

उपकरण –

1. पूर्व परीक्षण – स्वनिर्मित
2. पश्च् परीक्षण – स्वनिर्मित

विधि–

सर्वप्रथम न्यादर्श में चयनित विद्यार्थियों पर पूर्व परीक्षण का प्रशासन एवं फलांकन किया गया। इसके उपरान्त गतिविधि आधारित विधि से 30 दिन शिक्षण कार्य करने के उपरान्त पश्च परीक्षण का प्रशासन एवं फलांकन किया गया। औसत प्रतिशत के आधार पर विश्लेषण किया गया।

परिणामों का विश्लेषण –

पूर्व परीक्षण के उपरान्त उपचारात्मक अध्यापन एवं पश्च परीक्षण के प्रशासन के पश्चात् प्राप्त परिणामों को सारणीबद्ध किया गया। दोनों परीक्षणों के लिए शोधकर्ता द्वारा एक समूह के लिए प्रश्नवार, प्रतिशत के आधार पर प्राप्त मान को तालिका द्वारा प्रदर्शित कर विश्लेषण किया गया।

सारणी – 1

पूर्व एवं पश्च परीक्षण के तुलनात्मक परिणाम

परीक्षण	संख्या	सही हल करने वाले विद्यार्थियों का औसत प्रतिशत
पूर्व परीक्षण	55	17.6%
पश्च परीक्षण	55	99.2%
	अंतर	81.6%

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

विद्यार्थियों की परिमेय संख्या की समझ अत्याधिक न्यून थी जोकि गतिविधि आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों ने गतिविधियों के माध्यम से परिमेय संख्या से संबंधित नियम, क्रियाविधियों को सुना, देखा एवं स्वयं क्रिया जिससे उनकी परिमेय संख्या की समझ की कठिनाईयों का निराकरण हुआ। अत: पश्च परीक्षण में परिमेय संख्या की अवधारणा में लगभग शत्-प्रतिशत वृद्धि पाई गई।

सारणी - 2

विभिन्न अवधारणाओं में पूर्व एवं पश्च परीक्षणों के तुलनात्मक परिणाम

प्रश्न क्र.	अवधारणा	पूर्व परीक्षण में सही उत्तर लिखने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत	पश्च परीक्षण में सही उत्तर लिखने वाले विद्यार्थियों का प्रतिशत	पूर्व व पश्च परीक्षण में सही उत्तर लिखने वाले विद्यार्थियों की संख्या का अंतर
01	सम संख्या	12%	100%	88%
02	बड़ी संख्या	20%	100%	80%
03	भाज्य	24%	100%	76%
04	दो अंकों की बड़ी संख्या	20%	100%	80%
05	संख्या का गुणा	28%	100%	72%
06	संख्या का भाग	16%	100%	84%
07	सम व विषम संख्या	28%	100%	72%
08	भिन्न	24%	92%	68%
09	भिन्न की प्रकृति	4%	100%	96%
10	परिमेय संख्या	0%	100%	100%

इस प्रकार उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट हो जाता है कि अंकगणित के विभिन्न अवधारणाओं में विद्यार्थियों के गणितीय प्रत्यय में सुधार हुआ। पूर्व में जहाँ वे इन अवधारणओं को उतनी कुशलतापूर्वक प्रश्नों को नहीं कर पा रहे थे वहीं विभिन्न अवधारणाओं के उनकी समझ का विकास हुआ जिससे वे उन अवधारणाओं की प्रकृति को आसानी से समझने में सक्षम हो गए। यह पश्च परीक्षण के पूर्व विद्यार्थियों का विभिन्न अवधारणाओं को क्रमवार समझाने के फलस्वरूप समझ विकसित हुई है इससे स्पष्ट होता है कि यदि विद्यार्थियों को विभिन्न गणितीय अवधारणाओं का गतिविधि शिक्षण से अध्यापन में जहाँ एक ओर उनकी, इनकी प्रकृति के बारे में समझ का विकास हुआ उनमें, इनकी व्यवहारिक रूप से उपयोग करना आया। इस प्रकार प्रस्तुत शोधकार्य गतिविधि आधारित शिक्षण के सकारात्मक परिणाम प्रस्तुत कर रहा है। पटेल, मंगलदीन (2015) एवं शर्मा, संतोष (2017) ने भी समस्याओं के निदान एवं विद्यार्थियों में उच्च शैक्षिक उपलब्धि में गतिविधि आधारित शिक्षण की सकारात्मक भूमिका को पाया। यह परिणाम वर्तमान शोध परिणामों के अनुरूप हैं। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यदि गणित विषय में परिमेय संख्या की अवधारणा की समझ को गतिविधि आधारित शिक्षण के

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 10 .....

माध्यम से विकसित किया जाता है तो विद्यार्थियों की परिमेय संख्या की अवधारणा में वृद्धि हो जाएगी एवं इससे उत्तरोत्तर वृद्धि की सम्भावना है। उपरोक्त परिणामों के परिपेक्ष्य में पूर्व में ली गई परिकल्पना अस्वीकृत नहीं होती है क्योंकि परिणाम यह प्रदर्शित कर रहे हैं कि विद्यार्थियों की सभी अवधारणाओं में शत्–प्रतिशत वृद्धि हुई है।

निष्कर्ष –

- गतिविधि आधारित शिक्षण से गणित विषय में परिमेय संख्या की अवधारणा विकसित हुई है।

संदर्भ ग्रन्थ –

- कपिल, एच.के. (2009), ''अनुसंधान विधियाँ'', आगरा, चौदहवाँ संस्करण, राखी प्रकाशन।
- कोठारी एवं कोठारी (1980), ''सांख्यिकीय के सिद्धांत एवं व्यवहार'', भोपाल, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी।
- राय, पारसनाथ (2008), ''अनुसंधान परिचय'', आगरा, द्वादशम संस्करण, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल।
- म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल, की कक्षा 6, 7, 8 व 9वीं की गणित की पुस्तकें।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 11 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का उनके संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव

श्रीमती पूनम मिश्रा *

शोध सार

प्रस्तुत शोध पत्र में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन से उनका कितना संज्ञानात्मक विकास प्रभावित होता है देखा गया। अध्ययन हेतु प्रतिदर्श के रूप में केन्द्रीय विद्यालय एवं मध्यप्रदेश शिक्षा से नवमीं एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। इनमें यह ज्ञात होता है कि संज्ञानात्मक विकास पर सतत्-व्यापक मूल्यांकन का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अत: सतत् और व्यापक मूल्यांकन के विद्यालयों में रूचिकर रूप से क्रियान्वित किया जाना चाहिए।

शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जो बालक के विकास की नींव है। शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास किया जाता है। यह विकास प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज एवं राष्ट्र का विकास करता है। समय-समय पर शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति का आकलन करने के लिए मूल्यांकन का उपयोग किया जाता है। मूल्यांकन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक के विकास एवं पाठ्यक्रम के शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति का आंकलन किया जाता है। मूल्यांकन ही वह साधन है जिसके द्वारा बालक में होने वाले ज्ञानात्मक, भावात्मक एवं क्रियात्मक परिवर्तनों का आकलन किया जाता है। अत: मूल्यांकन की प्रक्रिया शिक्षा जगत में वैदिक काल से आधुनिक काल तक व्याप्त है। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने सतत् और व्यापक मूल्यांकन द्वारा विद्यार्थी के न केवल शारीरिक विकास पर जोर दिया बल्कि इसके द्वारा विद्यार्थी में सामाजिक विकास, मानसिक विकास, संज्ञानात्मक विकास तथा चारित्रिक विकास को भी परिलक्षित किया।

बौद्धिक विकास एक सतत् प्रक्रिया है। विभिन्न मानसिक क्रियाएं, पृथक-पृथक आयु स्तरों पर परिपक्व व परिष्कृत होती है। जिसमें संवेदना प्रत्यक्षीकरण, स्मृति, कल्पना तथा तर्क आदि मानसिक व्यवहारों का प्रत्यक्षीकरण होता है। विद्यार्थी का बौद्धिक विकास में संवेदना और प्रत्यक्षीकरण का महत्वपूर्ण स्थान है, इसके बिना विभिन्न वस्तुओं का सही ज्ञान नहीं हो पाता है। इस पहचानने की क्षमता को ही संज्ञानात्मक विकास कहा जाता है। उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के विकास के लिए शैक्षिक एवं गैर-शैक्षिक क्रियाओं में विद्यार्थियों की सहभागिता न केवल निश्चित वरन् अनिवार्य की जाये जिससे वे अपने शैक्षिक जीवन की अवधि में अपने व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकें। विभिन्न आयोगों की अनुशंसाओं के उपरांत केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने सन् 2009 में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन को अनिवार्य कर दिया।

पूर्व में किये गये शोधों में मिश्रा, अमरजीत (2005) ने पाया कि केन्द्रीय माध्यमिक विद्यालय शिक्षा मण्डल द्वारा अपनाई गई ग्रेडिंग प्रणाली एवं सतत् व्यापक मूल्यांकन का विद्यार्थियों के समग्र विकास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार जादल, एम.एम. (2011) ने पाया कि प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों पर सतत् और व्यापक मूल्यांकन के उपलब्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अत: इस क्षेत्र में गहन अध्ययन कर शोधकर्ता ने व्यक्तित्व के विकास के

***विभागाध्यक्ष, टेवाईट बी.एड. ट्रेनिंग कॉलेज, कटनी (म.प्र.)**

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

संज्ञानात्मक विकास पर शोध करने का निर्णय लिया।

शोध निष्कर्षों के माध्यम से यह भी ज्ञात हो सकेगा कि क्या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल (प्रयोगात्मक समूह) तथा मध्यप्रदेश शिक्षा मण्डल (नियंत्रित समूह) के विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास में कोई अंतर होता है? यदि ऐसा है तो तुलनात्मक दृष्टिकोण से जो भी अच्छा होगा उसके माध्यम से विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास हेतु प्रयत्न किये जा सकेगें।

उद्देश्य -

- प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य माध्यमिक स्तर के छात्र, छात्रा एवं विद्यार्थियों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पद्धति से मूल्यांकन का उनके संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव का अध्ययन है।

परिकल्पना-

- माध्यमिक स्तर के छात्र, छात्रा एवं विद्यार्थियों का सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन पद्धति से मूल्यांकन का उनके संज्ञानात्मक विकास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

न्यादर्श-

शोध अध्ययन में परीक्षण हेतु केन्द्रीय विद्यालय से 600 छात्र-छात्राएँ और मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड से 600 छात्र-छात्राओं को लिया गया।

उपकरण- स्टेन्डर्ड प्रोग्रेसिव मेट्रिसेस-जे.सी. रेवन्स

शोध विधि- प्रस्तुत शोध कार्य में आँकड़ों के एकत्रीकरण के लिए जबलपुर जिले के केन्द्रीय विद्यालय से 600 विद्यार्थी और मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के 600 विद्यार्थियों को यादृच्छिक विधि से लिया गया। उन पर स्टेन्डर्ड प्राग्रेसिव मेट्रिसेस भरवाई गई तथा फलांकन किया गया। परिणामों की व्याख्या और विश्लेषण कर शोध निष्कर्ष प्राप्त किये गए।

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या- प्रस्तुत शोध कार्य में आँकड़ों के आधार पर परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या निम्नानुसार है-

तालिका क्रमांक-01

विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन संबंधी तुलनात्मक परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	'पी' मान
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल	600	46.99	14.87	0.84	> 0.05
मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड	600	46.07	11.89		

स्वतंत्रता के अंश - 1198

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 1.96

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.58

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 13 .....

उपरोक्त तालिका के परिणाम यह प्रदर्शित करते है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों का मध्यमान 46.99 है और म.प्र. शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों का मध्यमान 46.07 है। इनके मध्य क्रांतिक अनुपात का मान 0.84 है जो सार्थक नहीं है। अत: मध्यमानों के बीच सार्थक अंतर नहीं है। अत: केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास में सार्थक अंतर नहीं आया है।

तालिका क्रमांक-02

छात्रों के संज्ञानात्मक विकास पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन संबंधी तुलनात्मक परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	'पी' मान
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल	300	46.78	10.20	0.72	> 0.05
मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड	300	46.08	13.50		

स्वतंत्रता के अंश - 598

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 1.96

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.59

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित परिणाम से स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल का मध्यमान 46.78 है। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल का मध्यमान 46.08 है। मध्यमानों के मध्य सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर नहीं है। (क्रांतिक अनुपात का मान - 0.72) अत: केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल के छात्रों के संज्ञानात्मक विकास में सार्थक अंतर नहीं आया है।

तालिका क्रमांक-03

छात्राओं के संज्ञानात्मक विकास पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन संबंधी तुलनात्मक परिणाम

समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	'पी' मान
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल	300	47.20	10.75	1.33	> 0.05
मध्य प्रदेश शिक्षा बोर्ड	300	46.06	10.28		

स्वतंत्रता के अंश - 598

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 1.96

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.59

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित परिणाम से स्पष्ट होता है कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल का मध्यमान 47.20 है। मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल का मध्यमान 46.06 है। मध्यमानों के मध्य सांख्यिकीय दृष्टिकोण में सार्थक अंतर नहीं है। क्रांतिक अनुपात का मान 1.33 है। अत: केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की छात्राओं के संज्ञानात्मक विकास में सार्थक अंतर नहीं है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 14 .....

उपरोक्त परिणामों से यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि विद्यार्थी शिक्षा के जिस स्तर पर अध्ययन कर रहा है वहाँ सहशैक्षिक क्रियाओं को महत्व नहीं दे रहा है। अत: विद्यार्थी के संज्ञानात्मक विकास पर सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का कोई प्रभाव नहीं पड़ा। संज्ञानात्मक विकास को अप्रत्यक्ष रूप से बौद्धिक विकास के रूप में लिया जा सकता है। यह मान्यता है कि बौद्धिक विकास में बुद्धिलब्धि स्थिर रहती है, एवं संज्ञानात्मक विकास पर वंशानुक्रम का प्रभाव पड़ता है। ऐसी स्थिति में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का संज्ञानात्मक विकास पर प्रभाव न पड़ना स्वाभाविक प्रतीत होता है, विकास के अंतर्गत संवेदना, प्रत्यक्षीकरण, कल्पना, स्मरण शक्ति, तर्क शक्ति, भाषा संबंधी योग्यता, समस्या समाधान योग्यता ये सभी विद्यार्थियों के परिवार पर निर्भर करती है।

परंतु इसके विपरीत मिश्रा, अमरजीत (2005) ने पाया कि ग्रेडिंग प्रणाली एवं सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का विद्यार्थियों के समग्र विकास-जिसके अंतर्गत-सामाजिक, चारित्रिक, मानसिक, शारीरिक, संवेगात्मक विकास है, प्रभाव पड़ता है। इसी प्रकार राव, आर. एस. एवं भारती एन (1989) ने देखा कि केन्द्रीय विद्यालय में सतत् मूल्यांकन के अंतर्गत पिता की शिक्षा का छात्रों की उपलब्धि पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

विद्यार्थियों के शैक्षिक उपलब्धि में संज्ञानात्मक विकास आवश्यक है अत: इसलिए विद्यालयों में सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का प्रभावकारी तरीके से लागू किया जाना आवश्यक है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

निष्कर्ष-

- केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मण्डल के छात्र, छात्रा एवं विद्यार्थियों के सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन का उनके संज्ञानात्मक विकास पर सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

संदर्भ ग्रंथ-

- अग्रवाल, जे.सी. (2015) शैक्षिक प्रौद्योगिकी तथा प्रबंधन के मूल तत्व, आगरा, श्री विनोद पुस्तक मंदिर, संस्करण-4जी, पृ. 353-354
- Hurlock, B. Elizabeth (1997) Child Development, New Delhi, Tata MC Craw Hill Education Private Limited, Sixth Editio
- मंगल, एस.के. (2014) शिक्षा मनोविज्ञान, दिल्ली, पी. एच. आई. अधिगम प्राइवेट लिमिटेड, पृ. 103
- मंगल एस.के. मंगल शुभ्रा (2006) शैक्षिक तकनीकी के मूल तत्व एवं प्रबंधन, मेरठ, इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस।
- मिश्रा संतोष, मिश्रल दीपशिखा (2002) बाल विकास तथा पारिवारिक संबंध, जयपुर, यूनिवसिटी बुक हाउस प्राइवेट लिमिटेड,संस्करण 2002, पृ. 150-154
- राय, पारसनाथ, राय, सी.नी. (2011) अनुसंधान परिचय, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल प्रकाशन
- शर्मा, ओ. पी. सिंह, रामपाल (2008) शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी, आगरा, विनोद पुस्तक मंदिर, संस्करण-5, (2012-13), पृ. 92-94
- वर्मा, प्रीति, श्रीवास्तव, डी. एन. (2013-14) बाल मनोविज्ञान: बाल विकास (मानव विकास), आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन, संस्करण-प्रथम, पृ. 214-218

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 15 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का तुलनात्मक अध्ययन

प्रतिभा मिश्रा *

शोध सार

पर्यावरण की समस्या भारत देश की समस्या ही नहीं यह तो विश्व व्यापी समस्या है। शिक्षा मानव जीवन के विकास में सर्वाधिक महत्वपूण्र अंग है एवं शिक्षक को राष्ट्र का निर्माता कहा जाता है और पर्यावरणीय समस्या से निपटने के लिये जागरूकता के साथ-साथ ज्ञान का होना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुये पर्यावरण के लिए वर्तमान में पर्यावरणीय ज्ञान को अति आवश्यक माना जा रहा है क्योंकि जब हमारा अस्तित्व ही नहीं रहेगा तो सारी प्रगति या विकास किस काम का होगा। प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य स्ववित्तप्रोषित एवं वित्तप्रोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का अध्ययन करना है। इस हेतु जबलपुर नगर के स्ववित्तप्रोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के कला एवं विज्ञान संकाय के 100 शिक्षकों का चयन कर उनकी पर्यावरण संबंधी ज्ञान के मापन हेतु डॉ. सीमा धवन का मानकीकृत पर्यावरण ज्ञान परीक्षण का चयनति शिक्षकों पर प्रशासन किया एवं निष्कर्ष स्वरूप पाया कि स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण सम्बन्धित ज्ञान में अंतर है।

अध्यापक शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग होता है। पर्यावरण की समस्या भारत देश की समस्या ही नहीं यह तो विश्व व्यापी समस्या है। शिक्षा मानव जीवन के विकास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अंग है एवं शिक्षक को राष्ट्र का निर्माता कहा जाता है और पर्यावरणीय समस्या से निपटने के लिये जागरूकता के साथ-साथ ज्ञान का होना आवश्यक है। बुद्धिजीवी वर्ग की निगाहें शिक्षा पर आकर टिकी है। इसी को ध्यान में रखते हुये पर्यावरण के लिए वर्तमान में पर्यावरणीय ज्ञान को अति आवश्यक माना जा रहा है क्योंकि जब हमारा अस्तित्व ही नहीं रहेगा तो सारी प्रगति या विकास किस काम का होगा।

उपरोक्त समस्या की उत्पत्ति से ही शोधकर्ता के मन में जिज्ञासा हुई है-

1. स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में पर्यावरण संबंधित ज्ञान कितना है? यह स्थिति जबलपुर जिले में किस प्रकार परिलक्षित होती है?
2. स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का पर्यावरण संबंधित ज्ञान का स्तर क्या है?
3. जबलपुर जिले के स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की पर्यावरण संबंधित ज्ञान में क्या कोई अन्तर है? यह अन्तर कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों में किस प्रकार इंगित होता है?

इन्हीं प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने के लिये शोधार्थी ने समस्या का चयन किया है।

पर्यावरण की परिभाषायें देते समय इस ओर ध्यान आकर्षित किया गया था कि पर्यावरण, इस पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी जगत को उस पर आने वाली विपदाओं से उन्हें सुखमय जीवन देने का प्रयास करना है। साथ ही साथ उन्हें इस योग्य

*सहायक प्राध्यापक, एन.ई.एस. एजुकेशन कॉलेज, गोरखपुर, जबलपुर (म.प्र.)

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 16 .....

भी बनाना है कि वे आगे और हो सकने वाली समस्याओं को पूर्व में ही जान सकें और उनका हल भी हो जाये और नियंत्रित जीवन प्रक्रिया में कोई बाधा भी न हो। पर्यावरण के प्रति शिक्षकों का ज्ञान इसलिए भी आवश्यक है कि शिक्षक के माध्यम से ही विद्यार्थी भी अनुकरण करता है। यदि शिक्षक का ज्ञान पर्यावरण के प्रति उच्च होगा तो विद्यार्थी का भी उच्च होना स्वाभाविक है। शुद्ध हवा, पेयजल, भोजन और ऊर्जा तथा शुद्ध वातावरण, आवास आदि यदि उच्च एवं अच्छी मात्रा में होंगे तो जीवन स्तर ऊँचा उठेगा।

शिक्षकों को पर्यावरण की समस्या से देश की सामाजिक उन्नति एवं आर्थिक प्रगति पर पड़ रहे, कुप्रभावों से अवगत होना आवश्यक है, क्योंकि शिक्षक छात्रों को पर्यावरणीय ज्ञान प्रदान करने का अच्छा माध्यम होता है। हमारे देश को ही नहीं वरन् सम्पूर्ण विश्व को पर्यावरणीय ज्ञान की आवश्यकता है क्योंकि सभी देशों में प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो रही है। अत: सभी देशों के लोगों (शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र) को पर्यावरण ज्ञान होना चाहिए। पर्यावरणीय ज्ञान एक ऐसा ज्ञान है, जिसके माध्यम से युवा पीढ़ी को समकालीन जीवन की वास्तविकताओं का सामना करने की शिक्षा लेकर सक्रिय नागरिक बनाया जा सकता है।

पेड़ एवं वनस्पति ही केवल CO_2 को प्राणवायु O_2 में परिवर्तित कर सकते है। अत: वायुमण्डल में ऑक्सीजन की आवश्यक मात्रा रखने तथा CO_2 की वृद्धि को रोकने के लिये तथा उससे होने वाली पर्यावरणीय विकृतियों से अवगत कराने हेतु शिक्षार्थी के करने या न करने की बातें बतानी है।

पर्यावरण समस्या के लिये समाधान और समाधान के लिये खोज तथा अनुसंधान अति आवश्यक है। चूंकि माध्यमिक स्तर तक आते-आते छात्रों का ज्ञान विस्तृत हो जाता है। उनमें चिन्तन, मनन की क्षमता आ जाती है। अत: शिक्षक पर्यावरणीय ज्ञान का बोध कराकर विद्यार्थियों के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को एक साथ लेकर पर्यावरणीय ज्ञान कराकर एक शक्तिशाली समाज की आधार शिला अपने ज्ञान द्वारा स्थापित कर सकता है। इसलिए पर्यावरणीय ज्ञान से जुड़े अध्ययन एवं अनुसंधान विशेष महत्वपूर्ण होते है। इस हेतु नीलम देवी (2003) छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की छात्रा द्वारा किया गया ''पर्यावरण एवं परिस्थितिकी के विकास की आवश्यकता एवं महत्व तथा पर्यावरण प्रदूषण संरक्षण हेतु प्रबंधन की व्याख्या तथा पर्यावरण परिस्थितिकी के विकास में शिक्षक तथा शिक्षा के योगदान का अध्ययन किया'' एवं निष्कर्ष पाया कि प्रदूषण के प्रति जागृति आवश्यक है। प्रदूषण नियंत्रण उपायों का दृढ़ता से लागू किया जाये। साथ ही शिक्षा द्वारा पर्यावरण संरक्षण व विकास संभव है। इसी प्रकार विनोद कुमार (2003) छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के छात्र द्वारा किया गया वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित ''स्नातक एवं परास्नातक स्तर के शिक्षकों का प्रदूषण के प्रति जागरूकता का अध्ययन'' किया एवं पाया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के शिक्षकों में प्रदूषण के प्रति समान जागरूकता है।

स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय :- स्ववित्तपोषित शिक्षा वह शिक्षा है जो स्वयं अपने आप में आर्थिक स्थिति में सम्पन्न हो अर्थात शिक्षण संस्थायें, जो सरकार द्वारा आर्थिक स्थिति से वंचित, जिनका वेतन शिक्षण संस्थाओं द्वारा ही निर्धारित किया जा रहा है।

वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय :- ऐसी संस्थायें जो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हों तथा उनकी आर्थिक स्थिति सरकार पर निर्भर होती है, उन्हें वित्तपोषित संस्था कहा जाता है। इन संस्थाओं में शिक्षक कितने होंगे, योग्यतायें क्या होगी? छात्रों से शुल्क कितना लिया जायेगा? आदि का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाता है।

उद्देश्य:-

1. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का अध्ययन करना।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 17 .....

2. वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का अध्ययन करना।

3. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ :-

1. स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

2. स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान में सार्थक अंतर नहीं है।

3. वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरण संबंधित ज्ञान में सार्थक अंतर नहीं है।

न्यादर्श - प्रस्तुत शोध हेतु न्यादर्श का चयन निम्नानुसार किया गया -

विद्यालय का प्रकार	कला संकाय	विज्ञान संकाय	कुल
स्ववित्तप्रोषित	25	25	50
वित्तपोषित	25	25	50
कुल	50	50	100

उपकरण - प्रस्तुत शोध कार्य में उपकरण के रूप में डॉ. सीमा धवन निर्मित मानकीकृत पर्यावरण ज्ञान परीक्षण का प्रयोग किया गया है।

परिणामों का विश्लेषण -

तालिका संख्या -01

स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का पर्यावरण ज्ञान संबंधी तुलनात्मक परिणाम

विद्यालय	संख्या	मध्यमान विचलन	मानक अनुपात	क्रांतिक	सार्थकता
स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय	50	60.02	5.51	2.66	0.01 स्तर पर सार्थक
वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय	50	63.00	5.65		अंतर हैं

स्वतंत्रता के अंश - 98

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 1.98

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.63

तालिका 01 प्रदर्शित परिणाम से स्पष्ट है स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के 50 शिक्षकों का मध्यमान 62.02 तथा मानक विचलन 5.51 है। वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के 50 शिक्षकों का मध्यमान 63.00 तथा मानक विचलन 5.65 है। स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान में सार्थक अंतर पाया गया है, क्योंकि दोनों समूहों के लिए क्रांतिक अनुपात का मान 2.66 प्राप्त हुआ है जो कि 0.10 स्तर पर सार्थकता हेतु निर्धारित न्यूनतम मान से अधिक है। वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों का पर्यावरणीय ज्ञान, स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों से अधिक है। अत: शोध परिकल्पना (H_1) अस्वीकृत होती है।

तालिका संख्या-02

स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान संबंधी तुलनात्मक परिणाम

वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
कला शिक्षक	25	58.96	6.01	1.13	0.05 स्तर पर
विज्ञान शिक्षक	25	60.72	4.92		सार्थक नहीं है।

स्वतंत्रता के अंश - 48

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.01
0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.68

तालिका 02 प्रदर्शित परिणाम से स्पष्ट है स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के कला वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान का मध्यमान 58.96 तथा मानक विचलन 6.01 है तथा स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों का मध्यमान 60.71 तथा मानक विचलन 4.92 प्राप्त हुआ है। दोनों समूह के लिए 'टी' का मान 1.13 प्राप्त हुआ है जो कि 0.05 स्तर निर्धारित न्यूनतम मान की अपेक्षा कम है। अत: कहा जा सकता है कि स्ववित्तपोषित कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावणीय ज्ञान में सार्थक अंतर नहीं है। अत: शोध परिकल्पना (H_2) स्वीकृत होती है।

तालिका संख्या -03

स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान संबंधी तुलनात्मक परिणाम

वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
कला शिक्षक	25	63.52	6.32	0.628	0.05 स्तर पर
विज्ञान शिक्षक	25	62.52	4.87		सार्थक नहीं है।

स्वतंत्रता के अंश - 48

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.01
0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.68

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 19 .....

तालिका 03 से स्पष्ट है वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के कला वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान का मध्यमान 63.52 तथा मानक विचलन 6.32 है तथा वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालय के विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावरणीय ज्ञान का मध्यमान 62.52 तथा मानक विचलन 4.87 प्राप्त हुआ है। दोनों समूह के लिए 'टी' का मान 0.628 प्राप्त हुआ है जो कि 0.05 स्तर निर्धारित न्यूनतम मान की अपेक्षा कम है। अत: कहा जा सकता है कि वित्तपोषित कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों के पर्यावणीय ज्ञान में सार्थक अंतर नहीं है। अत: शोध परिकल्पना (H_3) स्वीकृत होती है।

निष्कर्ष एवं व्याख्या :-

1. जबलपुर नगर के स्ववित्तपोषित एवं वित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का पर्यावरण संबंधित ज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि दोनों वर्गों के पर्यावरणीय दृष्टिकोण में अंतर है। जबकि नीता वर्मा (2004) का शोध अध्ययन यह दर्शाता है कि प्राथमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित शिक्षकों के पर्यावरणीय अभिवृत्ति में भिन्नता पायी गयी है जो प्रस्तुत शोध को बल प्राप्त करती है। इसके पीछे प्रशिक्षित एवं अप्रशिक्षित होना भी हो सकता है।

2. अध्ययन के फलस्वरूप यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि जबलपुर नगर के स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों का पर्यावरण संबंधित ज्ञान के दृष्टिकोण में कोई अंतर नहीं है। अर्थात दोनों वर्ग समान दृष्टिकोण रखते है। कुमारी अलका गुप्ता (1999) का शोध यह दर्शाता है कि दोनों समूह की जागरूकता में अंतर दिखाई नहीं देता है। जिससे शोध सार्थक सिद्ध होता है। इसके पीछे यह कारण हो सकता है कि प्राथमिक स्तर के ही पर्यावरण शिक्षा पर बल दिया जा रहा है।

संदर्भ ग्रंथ :-

1. भारत, वी.डी., ''इन्वारमेन्टल एजुकेशन इन इण्डिया'', यूनिवर्सिटी न्यूज, वोल्यूम 38 नं. 06 (7 फरवरी 2000)।
2. गोयल, एम. के., ''पर्यावरण शिक्षा'', विनोद पुस्तक भवन, आगरा (2004)।
3. गुप्ता, एस. पी., ''आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन'', शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद (2007)।
4. कपिल, एच.के., ''सांख्यिकी के मूल'', विनोद पुस्तक मंदिर, आगरा (1996)।
5. पाण्डेय, वी.एस., ''पर्यावरण अध्ययन'', किताब घर कानपुर (1995)।
6. प्रहलाद, बी. ''इन्वारमेन्टल नालेज इन्वारमेन्टल इट्टीटयूड एण्ड परसोसन रिगार्डिंग'', इन्वारमेन्टल एजुकेशन एमांक प्री-सर्विस एण्ड सेकेण्डरी स्कूल टीचर्स-दि महाराजा शिवाजी राव यूनीवर्सिटी ऑफ बरौदा (1991)
7. प्रसाद, एस., ''पर्यावरण एवं हम'', प्रभात प्रकाश, नई दिल्ली (1989)।
8. सिंह, बी., ''पर्यावरण शिक्षा'', लायल बुक डिपो, मेरठ (1997)।
9. सिंह, दिनेश, ''परिस्थितिकी एवं पर्यावरण'', ज्ञान भारती पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स (2004)।
10. सक्सेना, ए.बी., ''एन्वारमेन्टल एजुकेशन नेशनल'', साइक्लोलाजी कारर्पोरेशन, आगरा, (2003)

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 20 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

अध्यापक शिक्षा की समस्याएं एवं सुधार

डॉ. अम्बु नाथ मिश्रा *

आलेख सार

आज की भारतीय अध्यापक-शिक्षा में उत्कृष्टता, प्रवीणता और समानता के सिद्धान्तों की व्यवहार-भूमि में बड़ी निष्ठा के साथ प्रतिष्ठा की जानी चाहिए। यह अपेक्षा वस्तुत नई-शिक्षा नीति 1986 के द्वारा उच्च शिक्षा जगत से की गयी है। 'सर्व शिक्षा अभियान' की अनिवार्यता और उसकी सकारता के निहितार्थ इन दिनों वैसे भी बड़ी संख्या में अध्यापकों की आवश्यकता आ पड़ी है। इस उद्देश्य की परिपूर्ति के आशय से विश्वविद्यालयों द्वारा एन.सी.टी.ई. की अनुमति से अप्रत्याशित संख्या में बी.एड. कालेजों की मान्यता दी गयी है। पर ऐसा करने से निश्चय ही गुणवत्ता सभी दृष्टियों से ह्रासोन्मुख ही नजर आ रही है। शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध, विस्तार शिक्षा सबसे सम्बन्धित समस्याएं बढ़ गयी हैं। सुयोग्य अध्यापक प्रशिक्षक काफी खोज के बाद भी नहीं मिले रहे हैं। भौतिक संसाधान अनुपातत: निरन्तर घटते जा रहे हैं। प्रशिक्षण पाने एवं प्रशिक्षण देने दोनों के व्यय निरन्तर बढ़ते जा रहे हैं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम / संस्थान तो बढ़ रहे हैं पर इनकी गुणवत्ता, इनका व्यवस्थित संचालन, इनकी वाछिंत उत्पादकता प्रतिफलहीन दशाओं को प्राप्त हो रहा है, जो सदैव चिंतनीय है। अतएव सेवा नियोजन अवसरों को भी दृष्टि में रखते हुए अध्यापक-प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को संचालक अनुमत किया जाना चाहिए। महिला-समानता हेतु भी अध्यापक-शिक्षा के स्वरूप को तैयार किया जाना अपेक्षित है।

सघन प्रशिक्षण कायक्रमों की आयोजना द्वारा श्रेष्ठतम, श्रेष्ठ हितैषिणी आत्मा वाला शिक्षक-सुमुदाय तैयार किया जाना सर्वथा अभीष्ट है। बदले, बदलते हुए समाज के लिए अपरिहार्य जीवन-मूल्यों को आत्मयसात करते हुए श्रेष्ठ उदात्त सभी माननीय मूल्यों से सम्बन्धित शिक्षक-प्रशिक्षक ही राष्ट्र और मावनता का वृहत्तर कल्याण साध सकेंगे। अत: अभिनव शैक्षिक प्रौद्योगिकी का सहायता लेते हुए, सुनियोजित, अध्यापक प्रशिक्षण-कार्यक्रमों द्वारा, निष्ठापूर्वक सभी उदीयमान आगत समस्याएँ समाधानित की जानी चाहिए। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के साथ निजी क्षेत्र के अग्रणी समृद्ध जन / संस्थाएँ सभी इन पुनीत अनुष्ठान में भरसक हाथ बँटाये। आशा की जानी चाहिए हमारी प्रचलित अध्यापक-शिक्षा अवश्य ही क्रमश: वांछित सुधरे पथ पर गतिमान हो सकेगी।

उदीयमान ज्ञान में प्रेमी समाज की उच्च शिक्षा की बड़ी भूमिका होती है। राष्ट्रीय संपदा के समृद्ध करने में यह बड़ा योगदान करती है। आर्थिक समृद्धि और माननीय पूंजी के बीच सम्बन्ध की स्थापना में इसका कार्यकारी अवदान होता है। मानवीय पूंजी के विकास के ही अनुपात में राष्ट्रीय पूंजी और आय में बृद्धि होती है। इसलिए मानवीय ज्ञान और कुशलताओं के परिक्षेत्र में यदि धन और सुविधाओं का निवेश किया जायेगा तो निश्चित ही इनमें वृद्धि होगी। शैक्षिक अर्थशास्त्रियों के प्रयोगों के आधार पर निष्कर्ष निकले है। 21 वीं सदी के शुभागमन ने इस तथ्य को मुखरित कर दिया है। मात्र गुण संवाही सीखने की संस्थायें ही विश्व नेतृत्व की क्षमता से राष्ट्र युवाओं को संयुजित कर सकती है। इस गुणवत्ता की दशा को मूर्तित करने हेतु उच्च शिक्षा के संस्थाओं की आन्तरिक गतिकी (The Internal Dynamics) का अभिनवतापूर्वक समुन्नत करना होगा साथ साथ ही व्यवस्था में युगापेक्षी परिवर्तन लाना होगा।

***सूबेदार मेजर (धर्मगुरू), जम्मू एंड काश्मीर राइफल्स रेजीमेंट, जम्मू काश्मीर**

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 21 .....

शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक परिवर्तन लाने के निमित्त शिक्षकों के पेशेवर विकास हेतु ठोस कार्यक्रम की आवश्यकता है। स्वतन्त्रता से पूर्व बने आयोगों व समितियों ने भारतीय अध्यापक शिक्षा की दयनीय दशा में सुधार लाने की आवश्यकता पर बल दिया है। स्वतन्त्रता के बाद बैठाये गये सभी आयोगों तथा राष्ट्रीय नीतियों ने अध्यापक शिक्षा को स्थिति को दुखद बताया और उसके सुधार हेतु काफी सुझाव दिये। विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग ने अध्यापक शिक्षा के संदर्भ में लिखा है कि 'आज के युग का आधारभूत सिद्धान्त यह है कि वास्तविक शिक्षा अधिकांश रूप में प्रकरण एवं पढ़ाये जाने वाली पाठ्यवस्तु एवं उसके स्मरण से सम्बन्धित न होकर स्वयं व्यतीत किये जाने वाले जीवन एवं उद्देश्यपूर्ण कार्यक्रम में भाग लेने का नाम है' इसके साथ ही उन्होंनें प्रशिक्षण संस्थानों में दिये जाने वाले पाठन अभ्यास को असन्तोषजनक बताते हुए पर्याप्त सुधार लाए जाने के सुझाव दिया।

भारत में शिक्षा नीति को समयानुसार निरूपित किया गया है और यह शिक्षा समितियों एवं आयोगों की विभिन्न रिपोर्टों में निहित अनुसंशा पर आधारित है जिनमें से महत्वपूर्ण है- कोठरी आयोग (1966), चट्टोयाध्याय समिति (1985), राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.पी.ई. 1986, 1992), आचार्य राममूर्ति समिति (1990), यशपाल समिति (1993) एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढ़ाचा (एन.सी.एफ. 2005) नि:शुल्क एवं बालशिक्षा अधिकार (आर.टी.ई) अधिनियम, 2009, जो 01 अप्रैल से लागू हुआ का देश में शिक्षक शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ है।

कुल मिलाकर इस बीच अध्यापक शिक्षा का विस्तार तो आवश्यकता के अधिक हुआ है परन्तु इसके स्तर में कोई सुधार नही हुआ अपितु उसमें भारी गिरावट आई है।

अध्यापक शिक्षा की वर्तमान समस्याएँ-

नव्यज्ञान और अधिगम के बीच में त्वरित एवं क्रान्तिकारी विकास के कारण आज का अध्यापक शिक्षा जगत संक्रमण की परिस्थिति से गुजर रहा है। यहां नित्य नूतन चुनौतियों उभर कर सामने आ रही है। अनेकानेक सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक कारण इन्हें और भी बढ़ा रहे हैं। प्रत्येक स्तर पर अध्यापक शिक्षा का मूलभूत लक्ष्य यथापेक्षा पूरित नहीं हो पा रहा है।

इसी कारणवश अध्यापक शिक्षा न तो उत्तम अध्यापक एवं अध्यापिकाओं की तैयारी को सुनिश्चित कर पा रही है, और न ही उसमें उच्च स्तरीय गुणात्मकता को समावेशित कर पा रही है। अध्यापक, श्रेष्ठ, निर्देशकर्ता के रूप में उभर रही है इससे अध्यापक शिक्षा के संकल्पित निहितार्थ पूरे नहीं हो पा रहे है। फलस्वरूप आज की अध्यापक शिक्षा अनेकानेक समस्याओं से जूझ रही है।

प्रवेशपरक समस्याएँ-

वर्तमान प्रदेश, देश में अध्यापक-शिक्षा कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर प्रवेश एक बड़ी समस्या बना हुआ है। विश्वव्यापी 'सर्व शिक्षा अभियान' के तहत इन वर्षों में देश में प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेजी से खोले गये हैं और खोले जा रहे हैं। इसी कारण से बड़ी संख्या में अध्यापकों की आवश्यकता आ पड़ी है।

प्रशासनिक समस्याएं-

अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में राज्य शासन एवं विश्वविद्यालयों का नियंत्रण कम है। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को आरम्भ करने की अनुमति इधर के वर्षों में राष्ट्रीय अध्यापक-शिक्षा परिषद देती है। इससे प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और नए प्रशिक्षण संस्थान खोलना काफी कठिन हो गया है। परिणाम स्वरूप शिक्षा और प्रशिक्षण का स्तर इन वर्षों में गिरता जा रहा है। राज्य

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 22 .....

शासन, विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय-अध्यापक-शिक्षा परिषद ये सभी मिलकर वांछित प्रतिमानों और अन्तवृद्धि स्थिर तत्वों का अनुसरण नहीं कर पा रही हैं। प्रवेश शिक्षण, प्रशिक्षण, शोध तथा परीक्षण-इनके सारे प्रतिमान गिरते जा रहे है अत: निश्चय ही यह प्रशासनिक समस्या गम्भीरता से विचारणीय एवं समाधान योग्य है।

पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याएँ :-

अध्यापक:- शिक्षा का प्राचलित पाठ्यक्रम माध्यमिक स्तर पर सर्वत्र प्राय: एक वर्ष का है। जिसमें अवकाश एवं प्रवेश समयावधि को छोड़कर 200 दिन का समय शेष बचता है जो प्राचलित पाठ्यक्रम के पूरा करने हेतु पर्याप्त नही है। इसी कारणवश राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने इस अवधि को 2 वर्षों की करने की सिफारिश की है। इंटर्नशिप को अनिवार्य बनाये जाने की दशा में यह और भी समाचीन प्रतीत होता है। किन्तु अधिकांश संस्थाओं ने इस व्यवहारिक करने में अपनी अक्षमता प्रकट की है। प्राय: देखा जाता है कि अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम में शिक्षण अभ्यास का महत्व नही दिया जाता है।

शिक्षण-अभ्यास से सम्बन्धित समस्याएँ :-

वर्तमान अध्यापक शिक्षा पाठ्क्रम का एक बहुत बड़ा उपेक्षित पक्ष है अधिकांश प्रशिक्षण संस्थानों में इन दिनों न तो यथेष्ठ अध्यापकीय निरीक्षण पर्यवेक्षण की व्यवस्था दिखायी देती और न ही प्रशिक्षणार्थियों को इतना समय दिया जाता है के वे पाठ्य विषय वस्तु को विधिवत् शिक्षण की पूरी तैयारी कर सकें। तथा पाठ का समुचित समन्वय कर सकें।

मूल्यांकन सम्बन्धी समस्याएँ :-

NAAC ने शिक्षा क्षेत्र में गुणवत्ता अनुरक्षण-संवर्धन के आशय से पाठ्यक्रम पक्षों पर विचार करते हुए सात परिमापी बिन्दु वांछनीय बनाये है:-

1. शिक्षण- अधिगम
2. मूल्यांकन
3. शोध
4. परामर्श एवं विस्तार
5. अवस्थापन एवं अधिगम संसाधन
6. छात्र अनुपोषण एवं प्रगति
7. संगठन एवं प्रबन्धन

अध्यापक शिक्षा के सन्दर्भ में भी यही सात आयामी परिमापी व्यवहार्थ समाचीन प्रतीत होती है। किन्तु प्रशिक्षण अवधि की अल्पता एवं अव्यवस्था और व्यावसायिक मनोवृत्ति के प्रभाववश, ऐसा वस्तुत: हो नहीं पा रहा हैं।

अध्यापक शिक्षा कार्यक्रमपरक नियोजनात्मक समस्याएँ :-

शिक्षा की राष्ट्रीय नीति- 1986 एवं संशोधित शिक्षा नीति-1992 नें अध्यापक शिक्षा को एक निरन्तर प्रक्रिया बताया है, साथ हो इसने इसके सेवापूर्व और सेवाकालीन दोनों घटकों की अपृथक्ता रेखांकित की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने अन्य पक्षों पर विचार करते हुए अध्यापक- शिक्षा सन्दर्भ में निम्नलिखित बिंदु पर प्रकाश डाला गया है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 23 .....

1. व्यावसायिक दायित्व बोध तथा अध्यापकों की सम्पूर्ण अभियोग्यताएँ शिक्षा जगत में महनीय है।

2. सेवापूर्व अध्यापक शिक्षा ने गतिशील अभिनव अध्यापन विज्ञान के क्षेत्र में कोई योगदान नही किया गया है, अपितु उसने ह्रासमान प्रवृत्ति-तत्वों को दर्शाया है।

3. अध्यापक शिक्षा के कार्यक्रम मुख्यत: सेवापूर्व प्रशिक्षण से जुड़े है। उसकी वस्तुत: कोई सुनियोजित सेवापूर्व, प्रशिक्षण योजनायें नही है और जो वांछित संसाधनों सुविधाओं के अभाव में ग्रसित हैं।

कहना न होगा, 'अध्यापक शिक्षा परिषद' के प्रयासो के बाद भी उक्त कमियों और अभावों से देश की अध्यापक शिक्षा, न्यूनाधिक आज भी जकड़ी है, जो चिन्तनीय है।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सम्बन्धी समस्याएँ :-

अध्यापक शिक्षा क्षेत्र में पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों का विशेष महत्व है। 'शिक्षा शास्त्र' विषय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कतिपय विश्वविद्यालय में वर्ष में एक दो बार पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाये जाते है। जिसमें विस्तपोषित विभागों अथवा महाविद्यालयों से प्रध्यापक एवं शिक्षाकर्मी प्रतिभाग करते है। किन्तु क्लेश है कि अध्यापक - शिक्षा के क्षेत्र में ऐसी कोई यथेष्ट व्यवस्था अब तक नहीं है। आज हमारा अध्यापक - शिक्षा जगत पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सम्बन्धी अभावों चुनौतियों से आक्रांत है जिस पर गम्भीर कार्यवाही नितान्त अपरिहार्य है।

विकास, शोध, मूल्य शिक्षा सम्बन्धी समस्याएँ:-

सस्ते विस्तार की प्रवृत्ति से आक्रान्त होने के कारण आज का सम्पूर्ण अध्यापक - शिक्षातन्त्र सही विकास पथ से दूर है। राष्ट्र एवं समाज अध्यापक समुदाय से विकास के नेतृत्व की बड़ी अपेक्षायें रखता है। किन्तु हमारी अध्यापक शिक्षा द्वारा प्रसूत ये प्राध्यापक और अध्यापक इस निष्कर्ष पर सही नहीं उतर पा रहे हैं। विस्तार सेवाओं के क्षेत्र में तो ये लगभग शून्य की दशा में है।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद लगभग कई वर्षों से अध्यापक शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचारों और शोध को प्रोन्नत करने का प्रयास कर रही है, किन्तु कष्ट है कि हमारे अध्यापक शिक्षा संस्थान इन आयामों के क्षेत्र में यथेष्टि प्रगति नहीं कर पा रहे है। वस्तुत: अध्यापक - शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त समस्या आज भी है।

वर्तमान में 'अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम' किसी भी स्तर पर माननीय जीवन आर्दशों तथा मूल्य एवं नैतिकता के मापदण्डों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में न तो समक्ष दिखाई पड़ता है और न ही तत्पर है। हमारे अध्यापक शिक्षा समाज में राष्ट्रीय चेतना तो प्राय: प्रसुप्त दिखती है।

अध्यापक शिक्षा समस्या समाधन हेतु सुझाव :-

1. सबसे पहले हमें वर्तमान भारतीय परिस्थिति के अनुकूल अध्यापक शिक्षा के लक्ष्य को कुशलता, रूचि, मनोवृत्ति आदि व्यवहारगत उपलब्धियों के आधार पर निर्धारित करना होगा।

2. शिक्षक शिक्षा के विभिन्न प्रकार की संस्थाओं के मध्य भी अध्यापकों का आदान-प्रदान उनके मध्य पृथकता का अन्त करने हेतु आवश्यक है।

3. अध्यापक शिक्षा संस्थानों के लिए यह भी आवश्यक है कि वह अपने पुरातन छात्र परिषद् को अधिक सक्रिय बनाये

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 24 .....

उनसे अधिकाधिक सम्पर्क पत्राचार या अन्य माध्यमों से बढ़ाया जाए और शिक्षा की विभिन्न समस्याओं पर मिलजुलकर बातचीत करायी जाये।

4. अध्यापक शिक्षा संस्थाओं में राष्ट्रीय एवं स्थानीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर वर्तमान पाठ्यचर्या शिक्षण विधियों आदि का निर्धारण किया जाना चाहिए।

5. सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम के सुधार के साथ-साथ पाठन अभ्यास क्रम में भी आमूलचूल परिवर्तन लाया जाना आवश्यक है।

6. प्रशिक्षित शिक्षकों को बेकार भटकने न दिया जाय और सरकार उन्हें शीघ्रातिशीघ्र प्रशिक्षित वेतनमान दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

7. सरकार को चाहिए कि प्रशिक्षित शिक्षकों को समायोजित की व्यवस्था को सुनिश्चित करे।

8. अध्यापक शिक्षा में शोध कार्यों का अभाव है केवल बड़ी डिग्रियों के लिए शैक्षिक अनुसंधान कार्य की अपेक्षा आज क्रियात्मक अनुसंधान पर सर्वाधिक बल दिया जाना चाहिए।

9. शिक्षक - शिक्षा संस्थाओं की दशा सुधारने के लिए उनके अनावश्यक विस्तार पर विराम लगाना चाहिए। निम्न स्तर के संस्थानों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाना चाहिए। साथ ही साथ शिक्षकों की जबाबदेही निश्चित की जाय।

10. अध्यापक शिक्षा संस्थाओं में होने वाले शोषण को रोकने हेतु सभी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं पर केन्द्रीय / राज्य सरकारों का नियंत्रण हो जिन संस्थाओं में छात्राध्यापकों से अधिक शुल्क लिया जाता हो उन्हें तुरन्त बंद कर दिया जाये।

निष्कर्ष :-

अध्यापक शिक्षण पर विभिन्न आयोगों ने पर्याप्त विचार प्रस्तुत किए हैं। कुछ सुझाव तो उसमें ऐसे भी हैं जिन्हें शताब्दियों से दोहराया जा रहा है पर वे क्रियान्वित आज तक नहीं किए जा सकें है। अध्यापक शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण पक्ष की उपेक्षा हुई है जो नहीं होना चाहिए क्योंकि इसका सम्बन्ध मानव मूल्यों एवं अच्छे अध्यापक-अध्यापिकाओं के निर्माण से है। यह प्रसन्नता की बात है कि आयोगों के सुझाव के आधार पर जहाँ इसके (अध्यापक शिक्षा) असन्तुलित प्रसार की बात है वह इस बीच समाप्त कर दी गई है और सेवारत प्रशिक्षित शिक्षकों की सतत् शिक्षा की व्यवस्था भी की जा रही है। हाँ शिक्षक शिक्षा के स्तर में वांछित विकास नहीं किया जा सका है। इस बीच शिक्षक-शिक्षा के क्षेत्र में कई नई समस्याएँ भी सामने आ जाती है। जैसे-प्रायोगिक कार्यों को सम्पादित करने की समस्याएं अभ्यार्थियों के चयन की समरूप, शिक्षक-शिक्षा संस्थाओं की दशा सुधारने की समस्या और प्रशिक्षणार्थियों के मूल्यांकन की समस्या यदि देखा व समझाया जाये तो अब अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में विशेष आधिवेशन एवं संगोष्ठी की आवश्यकता नहीं है। सुझावों के कार्यान्वित किया जाना ही परम आवश्यक है। यदि शिक्षा से जुड़े सभी व्यक्ति ईमानदार और कर्त्तव्यनिष्ठ हो जाए तो कम साधनों से भी शिक्षा के उद्देश्यों को अधिक से अधिक प्राप्त किया जा सकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ :-

1- P.V Gupta Higher Education in India in The New Millenium Challenges and Remedies, Univeresity News: Vol 42 No. 50

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 25 .....

2- Dr. G.C Bhattacharya: Teahcer educaton: Vinod Pustak Mandir Dr. Rangey Raghav Marg, Agra-2 2004-05 Page.13

3- Kaipana Kharade and Sybil Thomas: Knowledge management and teacher education in and for the new times, university news, vol. 42 No.26 page 16-17

4- Suneel Behari Mohanty: NCTE and quality in teacher education university news 35, (29) July 21 1997

5- Hari ram Jasta: Adhunik Bharat me Shashik Chintan: Hindi, Education

6- Shiv pal: Adhunik Bhartiya Samaj me Adhyap ka Mahatav 2013

7- Naresh Kumar: Adhyapak Shiksha: 2016

8- Jyotisana Saxena: Adhyapak Shiksha me Gudvatta:2011

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 26 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

विभिन्न प्रबंधन के विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतुष्टि, जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास आत्म प्रत्यय पर प्रभाव का अध्ययन

कुमारी कविता दवे *
डॉ. जी. एस. मिश्रा **

शोध सार

प्रस्तुत शोध पत्र का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रबंधन के विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास आत्म प्रत्यय पर प्रभाव का अध्ययन करना हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु विवरणात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। कार्य संतुष्टि के मापन हेतु प्रमोद कुमार एवं डी. एन. मूथा की कार्य संतुष्टि मापनी एवं जीवन संतुष्टि के मापन हेतु ओ. जी. आलम एवं डॉ. रामजी श्रीवास्तव की जीवन संतुष्टि मापनी तथा व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय के मापन हेतु डॉ. जी. पी. शैरी, डॉ. आर. पी. वर्मा एवं पी. के. गोस्वामी द्वारा निर्मित आत्म प्रत्यय मापनी का प्रयोग यादृच्छिक विधि से चयनित 600 शिक्षक एवं 800 विद्यार्थियों पर किया गया। परिणामों से ज्ञात होता है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर शाला प्रबंधन की प्रकृति एवं कार्य संतुष्टि व जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का प्रभाव पड़ता है।

शिक्षा मानव जीवन को सँवारने के मार्ग का प्रारंभिक बिन्दु है, जहाँ से वह अपनी विशिष्ट जीवन शैली और लक्ष्यों की ओर चलने तथा पहुँचने का ज्ञान प्राप्त करता है, जिसके कारण उसका और समाज का विकास होता है। शिक्षा के द्वारा मानव की अंतर्निहित योग्यताओं को विकसित करके समाज को संपन्न बनाया जा सकता है क्योंकि शिक्षा का लक्ष्य है ज्ञान के प्रति समर्पण की भावना और लगातार सीखने की प्रवृत्ति। करूणा, प्रेम और श्रेष्ठ परम्पराओं का विकास भी शिक्षा के उद्देश्य हैं। यह तभी संभव है, जब विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास एक अच्छे अकादमिक वातावरण में योग्य एवं दक्ष शिक्षकों द्वारा हो। जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित नहीं होगा, तब तक अच्छी शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती है।

सामान्य रूप से विद्यालयों को शासकीय एवं अशासकीय प्रबन्धन के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। इन दोनों प्रकार के विद्यालयों में प्रशासकीय दृष्टिकोण से निश्चित रूप से अंतर है, परंतु दोनों प्रकार के विद्यालयों का प्रमुख उद्देश्य उच्च गुणवत्तापूर्ण विद्यार्थियों का निर्माण एवं विकास करना है। सामान्यत: शिक्षण का आधार शिक्षक हैं। शिक्षक कतिपय कौशलों, तकनीक तथा प्रविधि के द्वारा सरलता से बालक में वांछित व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयास करता है। विद्यालय में शिक्षक सबसे प्रमुख व्यक्ति है, जो बालक के व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता प्रदान करता है। बालकों के अंदर अध्यापक उनकी मुख्य आवश्यकता तथा रूचि के अनुसार ही परिवर्तन लाने की सोचता है, जिससे प्रत्येक बालक एक निश्चित तथा उचित ढंग से कार्य कर सके और अपने अंदर उचित परिवर्तन कर सके।

अत: कहा जा सकता है कि शिक्षक का स्वयं का व्यक्तित्व बालक के व्यवहार पर बहुत अधिक प्रभाव डालता है। यदि शिक्षक अपने कार्य व जीवन से संतुष्ट रहे उन्हें तनाव न हो तो विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास के साथ ही उसके

***वरिष्ठ अध्यापक, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पौड़ीकला, जबलपुर (म.प्र.)**
****सेवानिवृत्त प्राचार्य, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)**

कार्य मूल्यों के फलस्वरूप विद्यालयीन वातावरण भी उत्कृष्ट बनता है। होता सुजाता (1980), राइस डब्यू राबर्ट, नियन पी जेनिट, हंट जी रेमंड (1980) ने कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि में धनात्मक सह संबंध बताया। डेमीरेल हुसैन (2013), आदिनतन बेलगिन एवं के सी ओ हेकन (2016) ने शिक्षकों की कार्य संतुष्टि व जीवन संतुष्टि उच्च सहसंबंध को पाया। प्रकाश एस एवं जेवियर एस अमालदास (2014) ने बताया शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सार्थक अंतर हैं। फारलैंड एमसी लूरा, मरे ऐलिजाबेथ, फिलिफसन साइवेनेस (2016) ने बताया कि छात्राओं का आत्म प्रत्यय, छात्रों की तुलना में शिक्षकों से अधिक प्रभावित होता हैं।

वर्तमान में शिक्षा की स्थिति में यह अत्यंत महत्वपूर्ण कि यह ज्ञात किया जाये कि शिक्षक / शिक्षिकायें अपने कार्य से संतुष्ट हैं या नहीं? क्योंकि संतुष्ट होने पर ही वे अपनी पूर्ण दक्षता, उत्साह, उमंग के साथ अपने दायित्व का निर्वाहन करेंगे। अत: शोधकर्ता ने यह जानने का प्रयास किया है कि शिक्षकों की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर क्या प्रभाव पड़ता है।

उद्देश्य-

- विभिन्न प्रबंधन के विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर प्रभाव का अध्ययन।

परिकल्पना-

- शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

चर -

स्वतंत्र चर - (i) कार्य संतुष्टि

(ii) जीवन संतुष्टि

(iii) प्रबन्धन

परतंत्र चर - (i) व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय

नियंत्रित चर -(i) कम से कम पांच वर्ष का शैक्षणिक अनुभव

विधि -

न्यादर्श में चयनित शिक्षकों और शिक्षिकाओं को कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि मापनी प्रशासित की तत्पश्चात उनका फलांकन करके उच्च एवं निम्न श्रेणी में वर्गीकरण किया। वर्गीकृत शिक्षकों के चयनित विद्यार्थियों पर आत्म प्रत्यय के परीक्षण प्रशासित किया। तत्पश्चात् फलांकन करके सांख्यिकी का उपयोग करके परिणामों की विश्लेषण एवं व्याख्या करके निष्कर्ष प्राप्त किए।

न्यादर्श-

शोध कार्य में जबलपुर जिले के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 600 शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं 800 विद्यार्थियों का यादृच्छिक विधि द्वारा चयन किया गया।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 28 .....

उपकरण-

(i) कार्य संतुष्टि मापनी - प्रमोद कुमार एवं डी. एन. मूथा

(ii) जीवन संतुष्टि मापनी - ओ. जी. आलम एवं रामजी श्रीवास्तव

(iii) आत्म प्रत्यय मापनी - डॉ. जी. पी. शैरी, डॉ. आर. पी. वर्मा, एवं डॉ. पी. के. गोस्वामी

परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या-

इन्हें निम्न तालिकाओं में प्रस्तुत किया गया है-

तालिका क्रमांक - 1

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षकों की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर संबंधों का व्यक्तित्व विकास आत्म-प्रत्यय पर प्रभाव संबंधी अध्ययन

विद्यालय का प्रकार	समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन
शासकीय	उच्च कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	31.40	5.23
	उच्च कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	35.58	6.80
	निम्न कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	32.70	6.72
	निम्न कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	28.48	6.50
अशासकीय	उच्च कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	32.55	6.79
	उच्च कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	32.05	6.53
	निम्न कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	32.73	5.09
	निम्न कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	28.03	3.32

प्रसरण विश्लेषण सारांश तालिका

प्रसरण के स्त्रोत	स्वतंत्रता के अंश	वर्गों का योग	मध्यमान वर्ग	'एफ' अनुपात	'पी' मान
समूहों के मध्य	7	1676.25	239.46	6.68	< 0.01
समूहों के बीच	312	11190.50	35.87		

स्वतंत्रता के अंश - 7, 312

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.03

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.69

तालिका क्र. 1 में शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के शिक्षकों की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय सम्बन्धी परिणामों से स्पष्ट है कि विभिन्न समूह के मध्य सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर है। प्राप्त ''एफ'' अनुपात का मान 6.68 है जो 0.01 स्तर पर सार्थक है। शासकीय

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 29 .....

विद्यालय के उच्च कार्य संतुष्टि एवं निम्न जीवन संतुष्टि वाले समूह का व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय का प्रत्यक्षीकरण सर्वाधिक अच्छा है। इसके विपरीत अशासकीय विद्यालय के निम्न कार्य संतुष्टि एवं निम्न जीवन संतुष्टि वाले समूह का व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय का प्रत्यक्षीकरण सबसे कम अच्छा है।

उपरोक्त परिणामों के परिपेक्ष्य में निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर शाला प्रबंधन की प्रकृति एवं कार्य संतुष्टि व जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का प्रभाव पड़ता है।

तालिका क्रमांक - 2

शासकीय व अशासकीय विद्यालय के शिक्षिकाओं की कार्य संतुष्टि व जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर संबंधों व्यक्तित्व विकास-आत्मप्रत्यय पर प्रभाव संबंधी अध्ययन

विद्यालय का प्रकार	समूह	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन
शासकीय	उच्च कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	31.68	520
	उच्च कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	36.58	6.75
	निम्न कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	34.70	6.74
	निम्न कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	29.48	6.75
अशासकीय	उच्च कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	34.15	5.15
	उच्च कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	33.95	4.74
	निम्न कार्य संतुष्टि / उच्च जीवन संतुष्टि	40	36.23	6.03
	निम्न कार्य संतुष्टि / निम्न जीवन संतुष्टि	40	30.48	4.42

प्रसरण विश्लेषण सारांश तालिका

प्रसरण के स्त्रोत	स्वतंत्रता के अंश	वर्गों का योग	मध्यमान वर्ग	'एफ' अनुपात	'पी' मान
समूहों के मध्य	7	1944.79	277.83	8.35	< 0.01
समूहों के बीच	312	10377.70	33.26		

स्वतंत्रता के अंश - 7, 312

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.03

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.69

तालिका क्र. 2 में शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की शिक्षिकाओं की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास आत्म-प्रत्यय पर प्रभाव सम्बन्धी सारणी से स्पष्ट है कि विभिन्न समूह के मध्य सांख्यिकीय दृष्टिकोण से सार्थक अंतर है। प्राप्त ''एफ'' अनुपात का मान 8.35 है जो 0.01 स्तर पर सार्थक है। शासकीय विद्यालय की शिक्षिकाओं के उच्च कार्य संतुष्टि एवं निम्न जीवन संतुष्टि वाले समूह का प्रत्यक्षीकरण सबसे अच्छा है जबकि शासकीय विद्यालय के ही निम्न कार्य संतुष्टि एवं निम्न जीवन संतुष्टि वाले समूह का प्रत्यक्षीकरण सबसे

कम है।

परिणामों से स्पष्ट है कि शासकीय विद्यालय के उच्च कार्य संतुष्टि और निम्न जीवन संतुष्टि वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। संभवत: जब शिक्षक अपने कार्य से संतुष्ट होते हैं तब उन्हें अपने जीवन यापन में आर्थिक स्थिति की चिंता नहीं होती है, उनका भविष्य सुरक्षित रहता है, ऐसी स्थिति में वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अधिक से अधिक सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन करते हैं जबकि अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों को उतनी कार्य संतुष्टि नहीं होती है कार्य दबाव अधिक, वेतन व अन्य सुविधाएँ कम होती है, उनका भविष्य सुरक्षित नहीं होता हैं वे अपनी ही समस्याओं में व्यस्त रहते हैं जिसके कारण वे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के कारक - आत्म प्रत्यय के लिए अधिक सकारात्मक भूमिका का निर्वहन नहीं कर पाते हैं। एस.सी. फारलैंड लूरा, मरे एलिजाबेथ, फिलिफसन सिवेनेस (2016) ने बताया कि छात्र-शिक्षक संबंध का विद्यार्थियों के आत्म प्रत्यय पर विशेष प्रभाव पड़ता है। डेमीरेल, हुसैने (2013) ने बताया कि शिक्षकों की उच्च कार्य संतुष्टि शिक्षक की कार्य प्रणाली और जीवन संतुष्टि दोनों को प्रभावित करती है। आदिनतन वेलगिन के.ओ.सी. हाकेन (2016) में बताया कि शिक्षकों की कार्य संतुष्टि का उनकी जीवन संतुष्टि पर प्रभाव पड़ता है। अत: स्पष्ट है कि जब शिक्षकों की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि उच्च होगी, तब ही वे निष्ठापूर्वक विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय के विकास में सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर पाएंगे।

उपरोक्त परिणामों के परिपेक्ष्य में निष्कर्ष स्वरूप कहा जा सकता है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर शाला प्रबंधन की प्रकृति एवं कार्य संतुष्टि व जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का प्रभाव पड़ता है।

निष्कर्ष -

- शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की कार्य संतुष्टि एवं जीवन संतुष्टि के मध्य परस्पर सम्बन्धों का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास-आत्म प्रत्यय पर सार्थक प्रभाव पड़ता है।

सन्दर्भ ग्रंथ -

- अस्थाना मधु, वर्मा किरनवाला (2012) व्यक्तित्व मनोविज्ञान, दिल्ली मोतीलाल बनारसीदास, तृतीय संस्करण, पृ. 104-109
- कपिल डॉ. एच. के. एवं सिंह ममता (2012) सांख्यिकी के मूल तत्व, आगरा, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, तृतीय संस्करण, पृ. संख्या 93-95, 162-175, 419-455
- सिंह, अरूण कुमार (2012) मनोविज्ञान, समाजशास्त्र तथा शिक्षा में शोध विधियाँ, दिल्ली: मोतीलाल बनारसीदास, दसवाँ संस्करण, पृ. 438-440
- शर्मा, एस.एन. एवं शर्मा अंजना (2007) आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान के आधार, आगरा: एच.पी. भार्गव बुक हाऊस, सप्तम संस्करण, पृ. 431-467
- Aydintan Belgin, KOC Hakan (2016) "The Relationship between Job Satisfaction and Life Satisfaction : An Empirical study on Teachers' International Journal of Business and Social Science, Vol. 7, No.10
- Demirel, Husne (2013) "An Investigation of the Relationship between Job and Life Satisfaction

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 31 .....

among Teachers.' Elsevier ltd open access under CC By-NC-ND license

- Farland, Mc Laura, Murray Elizabeth, Sivanes Phillipson (2016) "Student- Teacher relationship and student Self-Concept : Relationship with Teacher and Student Gender', Australian Journal of Education, Vol 60 (1) 5-25
- Hota, Suiata (1990) "Working Women's perceptions of their self and environment in relation to Job and Life Satisfaction' Fifth survey of Research in Education NCERT, Vol. II page No. 1704
- Prakash, S., Xavier S.J. Amaladoss (2014) "Role of Teacher Education Institutions in developing personality of student teacher. I-manager's Journal of Educational Psychology, Vol. 8 No.1
- Rice W Bobert, Near P. Janet, Hunt G. Raymond (1980) "The job satisfaction/life satisfaction Relationship : A Review of Empirical Research', Basic and Applied Social Psychology 1 (1) 37-64

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 32 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

हाई स्कूल के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन

*श्री ए.एन. माथुर**
*प्रमोद कुमार नामदेव***

शोध सार

प्रस्तुत शोध कार्य का उद्देश्य शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन करना है। इस हेतु न्यादर्श स्वरूप डिण्डौरी जिले के शहपुरा ब्लाक के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कला एवं विज्ञान संकाय के 100 हाई स्कूल शिक्षकों का चयन किया गया। शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता ज्ञात करने हेतु शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता मापनी का प्रशासन शिक्षकों पर किया किया गया। शोध कार्य में निष्कर्ष स्वरूप पाया कि हाई स्कूल के कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया इसी प्रकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं पाया गया। अत: कहा जा सकता है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र तथा कला एवं विज्ञान संकाय का शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

जीवन के रास्ते का मार्गदर्शन करने हेतु ईश्वर ने अपने प्रतिनिधि के रूप में शिक्षक (गुरू) का निर्माण किया है। सर्वविदित है कि श्रेष्ठ शिक्षक की सहायता, विश्वास व उसके विद्वतापूर्ण एवं उचित-निर्देशन के अभाव में शिक्षार्थी किंकर्त्तव्यविमूढ़ की स्थिति में रहता है तथा अपने जीवन के मूल्यों, लक्ष्यों तथा उद्देश्यों को प्राप्त करने में असहाय महसूस करता है। पुरातन काल से ही भारतीय समाज में शिक्षक को सर्वोच्च व श्रेष्ठतम् स्थान दिया गया है। उसे राष्ट्र के भविष्य का निर्माता कहा गया है क्योंकि शिक्षक जिन बच्चों को आज शिक्षा देते हैं वे बच्चे ही भविष्य में राष्ट्र के अच्छे नागरिक बनते हैं। इस प्रकार शिक्षक के ऊपर ही यह निर्भर करता है कि वह किस प्रकार के नागरिक तैयार करता है।

डॉ. राधाकृष्णन कहते हैं कि 'समाज में अध्यापक का स्थान बड़ा महत्वपूर्ण है। वह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को सामाजिक परंपराएँ तथा तकनीकी कौशल पहुँचाने का केन्द्र है और ज्ञान के प्रकाश को प्रज्जवलित रखने में सहायक होता है।' शिक्षक सभी शैक्षिक कार्यक्रमों की आधारशिला या धुरी है, जिनमें पाठ्यक्रम, पाठ्यवस्तु, पाठ्यपुस्तकें, मूल्यांकन, शिक्षण विधियाँ तथा शिक्षण उद्देश्य आदि आते हैं। इस प्रकार अध्यापक, शिक्षा पद्धति का केन्द्र बिंदु है। किसी भी राष्ट्र की उन्नति उस राष्ट्र की शिक्षा पद्धति तथा शिक्षक पर निर्भर करती है। इस संदर्भ में कहा गया है कि शिक्षक का कर्त्तव्य विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करना है। इसके लिए अध्यापक में ही सदगुण नहीं होंगे तो वह बच्चों में कैसे अच्छे गुणों का विकास कर सकेगा। अत: अध्यापकों में ऐसे गुण व क्षमताओं का विकास करने के लिए उन्हें निरंतर अध्ययनरत् रहना चाहिए। अध्यापक के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सैदन कहते हैं- यदि शिक्षक जलता हुआ दीप नहीं है, तो वह दूसरों में ज्ञान के प्रकाश को प्रसारित करने में सदैव असमर्थ रहेगा। रवीन्द्रनाथ ठाकुर के शब्दों में- 'एक अध्यापक वास्तविक अर्थों में नहीं सिखा सकता, जब तक कि वह स्वयं भी सीख न रहा हो चूंकि एक दीपक को प्रज्वलित नहीं कर सकता तब तक उसकी अपनी ज्योति जलती न रहे।' भारतीय समाज में शैक्षणिक सुधार की आवश्यकता का एक लंबे समय से लगातार

***वरिष्ठ व्याख्याता, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (आईएएसई), जबलपुर (म.प्र.)**
****एम.एड., शोधार्थी, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान (आईएएसई), जबलपुर (म.प्र.)**

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 33 .....

अनुभव किया जा रहा है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि ''हमें ऐसे शिक्षक चाहिए जो चरित्रवान, मानसिक रूप से उत्तम, बुद्धिमान, मूल्यवान नागरिक हो जिससे प्रत्येक छात्र अपने पैरों पर खड़ा हो सकें।''

हाईस्कूल के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन के द्वारा शोधकर्ता आवश्यक कारणों को जान कर यह प्रयास करेगा कि किन-किन क्षेत्रों में आवश्यक सुधार किये जाये जिससे शिक्षकों के अध्यापन, शैक्षिक स्तर एवं जीवन मूल्यों में सुधार आ सके। वे अपने अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्ध एवं समर्पित हो सकें। इस शोध से केवल हाईस्कूल के शिक्षकों का ही नहीं बल्कि पूरे अध्यापक वर्ग का विकास होगा जिससे शिक्षकों की अध्यापन अभिवृत्तियों में सुधार आएगा और फलस्वरूप शिक्षार्थी भी देश के अच्छे मूल्यवान आदर्श नागरिक बनेंगे, जिससे देश का भविष्य उज्जवल होगा। शोधकार्य से प्राप्त परिणामों के आधार पर शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा और उम्मीद है कि एक साथ प्रयास के रूप में सामने आयेंगे तथा शिक्षा को एक नया आयाम मिल सकेगा।

ब्रजेश, कुमार गौतम (2014) ने प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की अध्ययन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन किया एवं पाया कि कला वर्ग के शिक्षकों की विज्ञान वर्ग के शिक्षकों से, पुरुष शिक्षकों की महिला शिक्षकों से, ग्रामीण शिक्षकों की शहरी शिक्षकों से तथा विवाहित शिक्षकों की अविवाहित शिक्षकों से, शासकीय शिक्षकों की अशासकीय शिक्षकों से अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता अधिक धनात्मक पाई गई। नीना, स्वाने (2015) ने शहरी व ग्रामीण प्राथमिक शालाओं के 115 शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन किया एवं अध्ययन से यह ज्ञात हुआ है ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के शिक्षकों का उनके अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

इससे यह स्पष्ट होता है कि शिक्षकों की शिक्षण व्यवसाय / अध्ययन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता शिक्षकों के रहवास की प्रकृति एवं शिक्षक या शिक्षिका होने पर भी निर्भर करती है। अत: यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि विभिन्न विषयों के शिक्षकों एवं उनके रहवास की प्रकृति, उनके लिंग एवं जाति का उनके स्वयं के व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर प्रभाव का अध्ययन किया जा सके। निष्कर्ष शिक्षा की गुणवत्ता विकसित करने में योगदान दे सकेंगे।

शोध के उद्देश्य -

1. हाईस्कूल के कला एवं विज्ञान के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन करना।
2. हाईस्कूल के महिला एवं पुरुष वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन करना।
3. हाईस्कूल के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन करना।
4 हाईस्कूल के आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता का अध्ययन करना।

परिकल्पनाएँ-

1. हाईस्कूल के कला एवं विज्ञान के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. हाईस्कूल के महिला एवं पुरुष शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. हाईस्कूल के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
4. हाईस्कूल के आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

न्यादर्श –

चयनित न्यादर्श निम्नानुसार है–

विशेषताऐं	वर्ग / समूह	आवृत्ति
विषय	कला	64
	विज्ञान	36
लिंग	पुरुष	54
	महिला	46
क्षेत्र	ग्रामीण	66
	शहरी	34
जातिवर्ग	आरक्षित	66
	अनारक्षित	34

शोध उपकरण – प्रस्तुत शोध कार्य में उपकरण के रूप में डॉ. रविन्दर कौर, डॉ. सबरजीत रानू एवं सर्वजीत कौर द्वारा निर्मित शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता मापनी का प्रयोग किया गया है।

शोध विधि – प्रस्तुत शोध कार्य हेतु सर्वेक्षण अनुसंधान विधि का प्रयोग किया गया है।

परिणामों का विश्लेषण –

तालिका क्रमांक 01

हाई स्कूल के कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता संबंधी तुलनात्मक परिणाम

संकाय	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
कला	36	141.64	12.13	0.37	0.05 स्तर पर
विज्ञान	64	142.58	12.01		सार्थक नहीं

स्वतंत्रता के अंश . 98

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान . 1.98

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान . 2.62

तालिका क्रमांक 01 के अनुसार हाई स्कूल के कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है। अर्थात् कला एवं विज्ञान संकाय का शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 35 .....

तालिका क्रमांक 02

हाई स्कूल के पुरुष एवं महिला शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता संबंधी तुलनात्मक परिणाम

लिंग	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
पुरुष	54	142.96	12.63	0.65	0.05 स्तर पर
महिला	46	141.39	11.29		सार्थक नहीं

स्वतंत्रता के अंश – 98

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.98

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.62

तालिका क्रमांक 02 के अनुसार हाई स्कूल के पुरुष एवं महिला शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है। अर्थात् महिला एवं पुरुष शिक्षकों का अध्ययन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

तालिका क्रमांक 03

हाई स्कूल के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता संबंधी तुलनात्मक परिणाम

क्षेत्र	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	क्रांतिक अनुपात	सार्थकता
ग्रामीण	66	142.39	11.73	0.85	0.05 स्तर पर
शहरी	34	141.94	12.67		सार्थक नहीं

स्वतंत्रता के अंश – 98

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 1.98

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान – 2.62

तालिका क्रमांक 03 के अनुसार हाई स्कूल के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है अर्थात् ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों का अध्ययन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

तालिका क्रमांक 04

हाई स्कूल के आरक्षित एवं अनारक्षित वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता संबंधी तुलनात्मक परिणाम

जाति वर्ग	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	'टी' मान	सार्थकता
आरक्षित	66	143.91	13.36	2.28	0.05 स्तर पर
अनारक्षित	34	139.00	8.03		सार्थक है

स्वतंत्रता के अंश - 98

0.05 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 1.98

0.01 स्तर पर सार्थकता हेतु मान - 2.62

तालिका क्रमांक 04 के अनुसार हाई स्कूल के आरक्षित एवं अनारक्षित शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता के मध्यमान क्रमश: 143.91 एवं 139.00 प्राप्त हुए हैं। मध्यमानों की दृष्टि से आरक्षित जाति वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता अनारक्षित जाति वर्ग के शिक्षकों से अधिक पाई गई है।

स्वतंत्रता के अंश 98 पर टी का मान 2.28 प्राप्त हुआ जो कि 0.05 सार्थकता स्तर के टी मान (1.98) से अधिक है। अत: हाई स्कूल के आरक्षित जाति वर्ग एवं अनारक्षित जाति वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर है। शोधकर्ता का ऐसा मत है कि अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के शिक्षक वातावरण एवं अनुवांशिकता के प्रभाव के कारण अपने अध्यापन व्यवसाय के प्रति अधिक वचनबद्ध हैं।

उपरोक्त समस्त तालिकाओं में प्रदर्शित परिणामों से स्पष्ट है कि हाई स्कूल के कला एवं विज्ञान संकाय के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है। अर्थात कला एवं विज्ञान संकाय का शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता हैं। इसका कारण संभवत: यह हो सकता है कि विज्ञान वर्ग के शिक्षकों का मानसिक स्तर अनुसंधान करने के लिए या उच्च शिक्षक हेतु ज्यादा उपयुक्त है जबकि कला वर्ग के शिक्षक सामाजिकता नैतिकता के साथ बच्चों के विकास में ज्यादा सहायक सिद्ध होते है। हाई स्कूल के पुरुष एवं महिला शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है अर्थात् महिला एवं पुरुष शिक्षकों का अध्ययन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इसका एक प्रमुख कारण यह हो सकता है कि पुरुष शिक्षक ज्यादा सक्रिय होते है एवं शिक्षण को प्रभावशीलता प्रदान करते है जबकि महिला शिक्षक अन्य कार्यों को प्राथमिकता देती है। हाई स्कूल के ग्रामीण एवं शहरी शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है। शोधकर्ता का मत है कि अधिकतर हाईस्कूल ग्रामीण परिवेश में हैं तथा ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक अपने विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं से परिचित हैं अत: शहरी शिक्षकों से अध्यापन व्यवसाय के प्रति अधिक वचनबद्धता प्रदर्शित करते हैं। हाई स्कूल के आरक्षित जाति वर्ग एवं अनारक्षित जाति वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर पाया गया है इसका कारण यह हो सकता है कि सामान्य वर्ग के शिक्षक शिक्षा के प्रति आरक्षित वर्ग के शिक्षक से ज्यादा जागरूकता रखते हैं अत: उनकी अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता, आरक्षित वर्ग के शिक्षकों से ज्यादा पाई जाती है।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 37 .....

निष्कर्ष –

1. हाईस्कूल कला एवं विज्ञान वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. हाईस्कूल के पुरुष शिक्षकों के एवं महिला शिक्षकों की दूरवर्ती शिक्षा अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है।
3. हाई स्कूल के शहरी शिक्षकों के एवं ग्रामीण शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर नहीं है।
4. सामान्य वर्ग के शिक्षकों की आरक्षित वर्ग के शिक्षकों से अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में अधिक धनात्मक अभिवृत्ति पाई गई है एवं हाई स्कूल के सामान्य वर्ग के शिक्षकों एवं आरक्षित वर्ग के शिक्षकों की अध्यापन व्यवसाय के प्रति वचनबद्धता में सार्थक अंतर है।

संदर्भ ग्रंथ –

- भटनागर, सुरेश (2003). शिक्षा मनोविज्ञान, मेरठः इन्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस।
- कपिल, एच.के. (2008). सांख्यिकी के मूल तत्व, आगराः अग्रवाल पब्लिकेशन, अष्टम् संस्करण।
- माथुर, एस. एस. (1979). शिक्षा मनोविज्ञान, आगराः विनोद पुस्तक मंदिर, 16वाँ संस्करण।
- पाठक, पी. डी. (2006). शिक्षा मनोविज्ञान, आगराः विनोद पुस्तक मंदिर।
- राय, पारसनाथ (2010). अनुसंधान परिचय, आगराः लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, अनुपम प्लाजा।
- सरीन, शशिकला एवं अंजनी (2012). शैक्षिक अनुसंधान विधियाँ, आगराः अग्रवाल पब्लिकेशन्स, सप्तम् संस्करण।
- एन.सी.ई.आर.टी. प्राथमिक शिक्षक, शैक्षिक संवाद की पत्रिका, अप्रैल 2014।

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 38 .....

Emerging Research Journal ISSN No. : 2456-2424 : June 2018

उच्च माध्यमिक स्तर के हिन्दी पाठ्यवस्तु में समाहित मानवीय मूल्यों के प्रति शिक्षकों की जागरूकता का विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि पर प्रभाव का अध्ययन

*श्रीमती सुषमा पिल्ले**
*डॉ. पी.एल. मिश्रा***

शोध सार

*समाजीकरण की प्रक्रिया समाज की गत्यात्मक निरन्तर परिवर्तनशीलता में जीवनमूल्यों का जन्म, अर्जन, रोपड़, संरक्षण व विकास को पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानान्तरित करती है जो युग बीत चुका होता है उस युग के सामाजिक मूल्य व मान्यताएं नये युग में पुराने साबित हो जाते है और नये युग का श्री गणेश एक बार पुनः व्यक्ति व समाज की मूल्य व मान्यताओं में अभूतपूर्व परिवर्तन कर नये सामाजिक मूल्यों को पुनः स्थापित करते है। सामाजिक बुद्धि व्यक्ति की व्यक्तिगत व सामाजिक जागरूकता का संयुक्त मापन होती है जो सामान्य रूप से व्यक्ति का अपने समूहों में किसी विशेष सामाजिक परिस्थितियों में उसके प्रभावपूर्ण ढ़ंग से व्यवहार करने की उसकी क्षमता होती है। जो उसके अपने साथी समूह या वरिष्ठों के साथ व्यवहारिक समायोजन व सामंजस्य बनाने की क्षमता के साथ ही उसकी व्यवहारिक कुशलता के रूप में प्रदर्शित होती है। किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा, सामाजिक दुनिया के बारे में संग्रहित ज्ञान ही सामाजिक बुद्धि है। **केन्टोर एवं किहीस्ट्रोम (1987)** सामाजिक बुद्धि युक्त व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अधिक आत्मविश्वासी हो संतुलित व्यवहार करते हैं सामाजिक परिस्थितियों से समायोजन करने के लिए यही लब्धि व्यक्ति को प्रेरित करती हैं जिससे व्यक्ति दूसरों की भावनाओं व मंतव्यों को बेहतर तरीके से समझता है और प्रभावी अंतःक्रियाओं के माध्यम से अलग तरह की अभिवृत्ति, रूचि, आशायें, इच्छायें, उम्मीदें रखता है। जिससे उसकी सारी शक्ति सकारात्मक कार्य में लगती है और वह अपनी क्षमताओं का अधिकतम उपयोग कर सामाजिक अराजकता को विराम प्रदान करता है। प्रस्तुत शोध कार्य का **उद्देश्य** शासकीय उच्च माध्यमिक स्तर की हिन्दी पाठ्यवस्तु में समाहित मानवीय मूल्यों के प्रति शिक्षकों की जागरूकता का छात्र / छात्राओं / विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि पर प्रभाव का अध्ययन करना है। प्रस्तुत शोध के लिये **सर्वेक्षण विधि** का प्रयोग किया गया है। **न्यादर्श** के रूप में 800 (400 छात्र + 400 छात्राओं) को लिया गया है। **निष्कर्ष** से ज्ञात होता है कि शासकीय उच्च माध्यमिक स्तर की हिन्दी पाठ्यवस्तु में समाहित मानवीय मूल्यों के प्रति शिक्षकों की जागरूकता का उनके छात्र / छात्राओं / विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि पर सार्थक प्रभाव पड़ा है।*

एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उस राष्ट्र में रहने वाले लोगों के माध्यम से ही संभव हो पाता है। और एक अच्छे नागरिक की पहचान ही यह होती है कि वह अपने राष्ट्र के प्रति प्रेम और निष्ठा, आपसी सद्भाव अनुशासन और स्थापित सामाजिक नियमों मानदण्डों के अनुसार आचरण करें जिससे उसमें नागरिकता की भावना सही अर्थों में विकसित हो सकें, और वह अपनी पूर्ण क्षमता के साथ अपने मजबूत हाथों में देश की बागडोर को ले सके। इसकी पूर्ति के लिए प्रत्येक राष्ट्र की यह राष्ट्रीय आवश्यकता बन जाती है कि वह अपने देश की युवाशक्ति में सकारात्मक ऊर्जा के संचार हेतु एवं देश की सामाजिक – सांस्कृतिक अस्मिता को अभिव्यक्ति व समय की चुनौतियों का सामना करने के विशिष्ट शिक्षा–प्रणाली

*** रिसर्च स्कॉलर, शिक्षा संकाय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)**
**** प्राचार्य (सेवानिवृत), शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)**

<250-e> e:\stand07\jpc-18\em-18a.pm5 ....inset ..... 39 .....

विकसित करें, क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षा का सर्वप्रथम उद्देश्य विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास करना है ताकि वो अपने सामाजिक दायित्वों का पालन सफलतापूर्वक कर सकें।

शिक्षा एक प्रतिपादन है जिसका मूर्तरूप शिक्षक जो समाज की हर सत्ता से इसीलिए ऊपर हैं क्योंकि बालक उसे अपना आदर्श मान उससे ही संस्कारों और समाजीकरण की शिक्षा का अर्थ समझकर उसको ग्रहणकर जीवन व्यवहार में उसका अनुकरण करता है। व्यक्ति व समाज परस्पर साधन व साध्य दोनों है। अत: इनमें अन्योन्याश्रय संबंध पाया जाता है। **राधा कमल मुखर्जी** के अनुसार ''मूल्य समाज द्वारा मान्यता प्राप्त इच्छाएँ तथा लक्ष्य है जिनका अन्तरीकरण सीखने, समाजीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से होता है।''

